DISTRICT PANCHAYATH KASARAGOD

# EQUIP 2024

## (Educational Quality Improvement Programme for class ten)

### Student Support Material for Class X



**HINDI**

DIET KASARAGOD

## EQUIP 2024

| | | |
|---|---|---|
| *Chief Co-ordinators* | : | **Nandikeshan N.**<br>Deputy Director Education, Kasaragod<br><br>**Dr. Raghurama Bhat K.**<br>Principal, DIET Kasaragod |
| *Co-ordinator* | : | **Madhusoodanan V.**<br>Lecturer, DIET Kasaragod |

*Resource Team*

| | | |
|---|---|---|
| *Hindi* | : | Santhosh Kumar C.R., GHSS Chemnad<br>Asha M.V., GHSS Kakkat<br>Ananda Krishnan E.V., GHS Munnad<br>Sharada C., GVHSS Kanhangad |
| *DTP Layout* | : | **GS Infotech**, Vidyanagar, Kasaragod. |


# ആശംസ



വികേന്ദ്രീകൃത ആസൂത്രണത്തിലൂടെയും നിർവ്വഹണത്തിലൂടെയും കേരളത്തിലെ ആരോഗ്യ വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലകളെ ദേശീയ തലത്തിൽ ഒന്നാമതെത്തിക്കാൻ നമുക്ക് കഴിഞ്ഞിട്ടുണ്ട്. ഈ നേട്ടങ്ങൾ കൈവരിക്കാൻ പ്രാദേശിക ഭരണകൂടങ്ങൾ സ്തുത്യർഹമായ പങ്കുവഹിച്ചു. ദേശീയ സംസ്ഥാനതല പഠനങ്ങൾ നമ്മുടെ കുട്ടികളുടെ പഠനനിലവാരം ഇനിയും ഉയരേണ്ടതുണ്ട് എന്ന സൂചനയാണ് നൽകുന്നത്. പഠനവിടവുകൾ പരിഹരിക്കുന്നതിനുവേണ്ടി കാസർകോട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പും കാസർകോട് ഡയറ്റും ഒത്തുചേർന്ന് നടപ്പാക്കുന്ന **'എക്വിപ്പ്' (EQUIP)** പഠനപരിപോഷണ പരിപാടിക്ക് എല്ലാ പിന്തുണയും ഉറപ്പുതരുന്നു. പന്ത്രണ്ടാം ക്ലാസിലെ കുട്ടികൾക്കുവേണ്ടി ആദ്യമായാണ് ഇത്തരത്തിലൊരുദ്യമം. പൊതുപരീക്ഷകളെ അഭിമുഖീകരിക്കുന്ന പത്തും പന്ത്രണ്ടും ക്ലാസിലെ കുട്ടികളുടെ പഠനപ്രവർത്തനങ്ങളുടെ മികവിന്റെ അടയാളമായി മാറുകയാണ് വാർഷിക പരീക്ഷകൾ. അറിവിന്റെ തെളിമയോടെ ഓരോ വിദ്യാർത്ഥിക്കും പരീക്ഷ എഴുതാൻ കഴിയണം. വിദ്യാർത്ഥികളുടെ ജീവിതത്തിലെ ഏറ്റവും പ്രധാനപ്പെട്ട പരീക്ഷകൾക്ക് വേണ്ടി തയ്യാറാക്കിയ പഠനപിന്തുണാസാമഗ്രിക്ക് എല്ലാവിധ ആശംസകളും നേരുന്നു. നന്നായി പഠിക്കുക. പരീക്ഷയെ സധൈര്യം നേരിടുക. തളരാതെ മുന്നോട്ട്. വിജയം നിങ്ങളോടൊപ്പമുണ്ട്. ആശംസകൾ.

**ശ്രീമതി ബേബി ബാലകൃഷ്ണൻ**
ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് പ്രസിഡന്റ്
കാസർകോട്

# ആശംസ



കാസർകോട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ ജില്ലയിലെ പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയെ ശക്തിപ്പെടുത്തുന്നതിന് നിരവധി പ്രവർത്തനങ്ങളാണ് നടന്നുവരുന്നത്. പൊതു വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയെ പൂർവ്വാധികം കരുത്തോടെ നാം മുന്നോട്ട് നയിക്കുകയാണ്. ഈ ഘട്ടത്തിലാണ് കാസർകോട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തും, പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പും, വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രവും (DIET) പത്താം ക്ലാസ്, പ്ലസ്ടു വിദ്യാർത്ഥികളുടെ പഠനവിടവുകൾ പരിഹരിക്കുന്നതിനും ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ പൊതുപരീക്ഷയെ നേരിടാൻ അവരെ പ്രാപ്തരാക്കുന്നതിനും വേണ്ടി പഠനപരിപോഷണ സാമഗ്രി തയ്യാറാക്കുന്നത്. നിരന്തരമായ ഇടപെടലിന്റെ തുടർച്ചയായി ഈ വർഷം ആദ്യമായിട്ടാണ് പ്ലസ്ടു വിദ്യാർത്ഥികൾക്കുവേണ്ടി ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് പിന്തുണാസാമഗ്രി തയ്യാറാക്കുന്നത്. പ്രധാനപ്പെട്ട ആറ് വിഷയങ്ങളിലാണ് ഈ വർഷം തയ്യാറാക്കുന്നതെങ്കിലും അടുത്തവർഷം മറ്റു വിഷയങ്ങളിലും കുട്ടികൾക്ക് പിന്തുണ നൽകാൻ കഴിയുമെന്ന് പ്രതീക്ഷിക്കുന്നു. കുട്ടികളുടെ അക്കാദമിക മികവ് ഉറപ്പുവരുത്തിക്കൊണ്ട് മികച്ച ഗ്രേഡുകൾ നേടാൻ അവരെ സജ്ജമാക്കാൻ '**എക്വിപ് 2024**' എന്ന പേരിൽ തയ്യാറാക്കിയ ഈ പദ്ധതിക്ക് കഴിയട്ടെയെന്ന് ആശംസിക്കുന്നു.

സ്നേഹപൂർവ്വം

**അഡ്വ. സരിത എസ്.എൻ.**
ആരോഗ്യ-വിദ്യാഭ്യാസ സ്ഥിരം സമിതി
അധ്യക്ഷ, ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്,
കാസർകോട്

# ആശംസ



ജില്ലയിലെ അക്കാദമിക പ്രവർത്തനങ്ങളെ ഏകോപിപ്പിച്ച് മുന്നോട്ട് നയിക്കുന്ന ഉത്തരവാദിത്തമാണല്ലോ ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രങ്ങൾ (DIET) കാലങ്ങളായി ചെയ്തുവരുന്നത്. മനുഷ്യവിഭവശേഷിയിൽ പരിമിതികൾ ഉള്ളപ്പോൾ തന്നെ പ്രീ-പ്രൈമറി തലം മുതൽ ഹയർ സെക്കൻഡറി തലം വരെയുള്ള മേഖലകളിൽ വിവിധങ്ങളായ പദ്ധതികൾ ആസൂത്രണം ചെയ്യാനും നിർവഹിക്കാനും ഡയറ്റുകൾക്ക് ഇതുവരെ കഴിഞ്ഞിട്ടുണ്ട്. ഡയറ്റ് കാസർകോടിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ പത്താം തരത്തിലെ കുട്ടികളുടെ പഠനപ്രശ്നങ്ങൾ മറികടക്കാൻ കഴിഞ്ഞ കുറച്ച് വർഷങ്ങളായി വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ് നടപ്പിലാക്കുന്ന പദ്ധതിയാണ് **EQUIP (Educational Quality Improvement Programme).** അതതു വർഷത്തെ കുട്ടികളുടെ പഠനപ്രശ്നങ്ങൾ പരിഗണിച്ചുകൊണ്ടാണ് പ്രവർത്തനങ്ങൾ ചിട്ടപ്പെടുത്തുന്നത്. ഈ പദ്ധതിയുടെ ഭാഗമായി പത്താംതരത്തിലെയും പ്ലസ്ടുവിലെയും പരീക്ഷയെ അഭിമുഖീകരിക്കാൻ കുട്ടികളെ സഹായിക്കുന്ന വിവിധ വിഷയബന്ധിതമായ ചോദ്യമാതൃകകൾ യൂണിറ്റടിസ്ഥാനത്തിൽ പരിചയപ്പെടുത്താനാണ് ഉദ്ദേശിക്കുന്നത്. ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ സഹായത്തോടെ മലയാളത്തിലും ഇംഗ്ലീഷിലും കന്നഡയിലും പത്താംതരത്തിൽ ഐ.ടി. ഒഴിച്ചുള്ള എല്ലാ വിഷയങ്ങളിലും പ്ലസ്ടുവിൽ പ്രയാസകരമായ ആറ് വിഷയങ്ങളിലും പുസ്തകങ്ങൾ തയ്യാറാക്കി നൽകാനാണ് ഉദ്ദേശിക്കുന്നത്. ഈ അധ്യയന വർഷം പത്താംതരം/പ്ലസ്ടു പരീക്ഷ എഴുതുന്ന മുഴുവൻ കുട്ടികൾക്കും ഈ പദ്ധതിയുടെ പ്രയോജനം ലഭിക്കുമെന്ന് പ്രതീക്ഷിക്കുന്നു. വ്യത്യസ്ത പഠനവേഗതയും പഠനമികവുമുള്ള എല്ലാ വിഭാഗം കുട്ടികൾക്കും ഈ സാമഗ്രി പ്രയോജനപ്പെടട്ടെ എന്ന് ആശംസിക്കുന്നു. അധ്യാപകരുടെ ആത്മാർത്ഥമായ പിന്തുണയും പ്രോത്സാഹനവും അനിവാര്യമായ ഈ ഉദ്യമത്തിൽ എല്ലാവരുടെയും സഹായ സഹകരണങ്ങൾ പ്രതീക്ഷിച്ചുകൊണ്ട് ഏവർക്കും വിജയാശംസകൾ നേരുന്നു.

ആശംസകളോടെ,

**ഡോ. രഘുരാമ ഭട്ട് കെ.**
പ്രിൻസിപ്പാൾ
ഡയറ്റ് കാസർകോട്

# ആമുഖം



കാസർകോട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ ജില്ലയിലെ പൊതുവിദ്യാഭ്യാസം ശക്തിപ്പെടുത്തുന്നതിന് വ്യത്യസ്തങ്ങളായ നിരവധി പ്രവർത്തനങ്ങൾ നടന്നുവരികയാണ്. അതേസമയം ദേശീയ-സംസ്ഥാന പഠനങ്ങൾ നമ്മുടെ ജില്ലയിലെ കുട്ടികളുടെ പ്രകടനം ഇനിയും മെച്ചപ്പെടേണ്ടതുണ്ട് എന്ന സൂചനയാണ് നൽകുന്നത്. ഈ പശ്ചാത്തലത്തിലാണ് ജില്ലയിലെ പൊതുവിദ്യാലയങ്ങളിൽ നിന്ന് 2023-24 അധ്യയനവർഷം എസ്.എസ്.എൽ.സി., പ്ലസ്ടു പരീക്ഷകൾ അഭിമുഖീകരിക്കുന്ന കുട്ടികൾക്ക് പഠനപിന്തുണ നൽകുന്നതിന് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെയും പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പിന്റെയും സംയുക്താഭിമുഖ്യത്തിൽ വ്യത്യസ്ത വിഷയങ്ങളിൽ പഠനസാമഗ്രികൾ തയ്യാറാക്കേണ്ടതിന്റെ ആവശ്യകത ജില്ലാതല ഉന്നതാധികാര യോഗങ്ങളിൽ ചർച്ചചെയ്യപ്പെട്ടത്. ഇതിന്റെ അടിസ്ഥാനത്തിൽ ഡയറ്റ് കാസർകോടിന്റെ അക്കാദമിക നേതൃത്വത്തിൽ ജില്ലയിലെ മികച്ച അധ്യാപകരെ ഉൾപ്പെടുത്തിക്കൊണ്ട് പത്താംതരത്തിൽ ഐ.ടി. ഒഴിച്ചുള്ള എല്ലാ വിഷയങ്ങളിലും പ്ലസ്ടുവിൽ ഏറ്റവും പ്രയാസമേറിയ ആറ് വിഷയങ്ങളിലും (ഗണിതം, ഫിസിക്സ്, കെമിസ്ട്രി, ഇംഗ്ലീഷ്, അക്കൗണ്ടൻസി, ഇക്കണോമിക്സ്) പഠനപിന്തുണാസാമഗ്രികൾ തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുക യാണ്. സ്കൂൾ വിദ്യാഭ്യാസം പൂർത്തീകരിച്ച് ഉന്നത വിദ്യാഭ്യാസമേഖലയിലേക്ക് പ്രവേശിക്കുന്ന പ്ലസ്ടു വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് പഠനപിന്തുണ നൽകുന്ന സാമഗ്രി ജില്ലയിൽ ആദ്യമായാണ് തയ്യാറാക്കുന്നത്. ജില്ലയിൽ നിന്നും പൊതുപരീക്ഷയെ അഭിമുഖീകരിക്കുന്ന മുഴുവൻ എസ്.എസ്.എൽ.സി, പ്ലസ്ടു വിദ്യാർത്ഥികൾക്കും ആത്മവിശ്വാസം വളർത്തുന്നതിനും ഉന്നതവിജയം നേടുന്നതിനും ഈ ഉദ്യമം സഹായകമാകട്ടെയെന്ന് ആത്മാർത്ഥമായി ആഗ്രഹിക്കുന്നു. ഈ പദ്ധതിയെ നെഞ്ചേറ്റിയ പ്രിയപ്പെട്ട അധ്യാപക സുഹൃത്തുക്കൾക്ക് ഈ പുസ്തകത്തെ ഫലപ്രദമായി ഉപയോഗിക്കാൻ കഴിയട്ടെ. എല്ലാവർക്കും വിജയാശംസകൾ.

**ശ്രീ. എൻ. നന്ദികേശൻ**
ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ ഉപഡയറക്ടർ
കാസർകോട്

# HINDI

# बीरबहूटी
## ( कहानी – प्रभात )

**<u>सारांश</u>**

हिंदी के विख्यात कहानीकार प्रभात की रचना है "बीरबहूटी" । यह बेला और साहिल की दोस्ती की कहानी है। बेला और साहिल पाँचवीं कक्षा में पढ़ते हैं। वे दिली दोस्त हैं। साथ साथ स्कूल जाते है। वे बारिश के दिनों में रास्ते के पास के खेतों में सुर्ख , मुलायम और गदबदी बीरबहूटियों को खोजते थे। क्लास में दोनों पास–पास बैठते हैं । वे सभी कार्य एक मन से करते हैं , जैसे खेलना , पढ़ना , कलम में स्याही भरने जाना आदि। गणित के माटसाब सुरेंदरजी से बच्चे बहुत डरते थे ।एक दिन सुरेंदरजी ने बेला के बालों में पंचा फँसाया । इस बुरे व्यवहार से दोनों दुःखी हो गए । दीपावली की छुट्टी के अवसर पर बेला के सर पर चोट लगी । वह छत से गिर गई । सिर पर पट्टी होते हुए भी वह अन्य बच्चों के साथ खेलती थी। साहिल की पिंडली में कील लगने के कारण उसके पैर में सफेद पट्टी बंधी थी । दोनों एक तरह हो गए । वह स्कूल पाँचवीं कक्षा तक था । इसके कारण छठी कक्षा में बेला राजकीय कन्या पाठशाला में और साहिल अजमेर में पढ़ने जाते हैं। व्यथा–भरी आँखों से दोनों विदा लेते हैं।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. 'बीरबहूटी' किस विधा की रचना है ?
   उत्तर– कहानी ।
2. उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था । किन्हें?
   उत्तर– बेला और साहिल को ।
3 . वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। क्यों ?
   उत्तर– बीरबहूटियों को खोजने के लिए ।
4. बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या– क्या हैं ?
   उत्तर: बीरबहूटियाँ सुर्ख ,मुलायम और गदबदी हैं । वे धरती पर चलती–फिरती
   खून की प्यारी – प्यारी बूँदें जैसी हैं ।
5 . फुलेरा जंक्शन कहाँ है ?
   उत्तर– फुलेरा जंक्शन राजस्थान में जयपुर के नज़दीक है।

6. बेला कहाँ जाकर खेलने के लिए ज़िद करती है? कब ?

उत्तर –गांधी चौक में। खेल घंटी में ।

7. ' मुझे ' में निहित सर्वनाम कौन–सा है ? ( तुम , वे , मैं )

उत्तर – मैं

8. ' गीली हवा ' में विशेषण शब्द कौन–सा है ?

उत्तर – गीली

9. फुलेरा जंक्शन की विशेषताएँ क्या –क्या हैं ?

उत्तर– फुलेरा जंक्शन सदा ही सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों से भरा हुआ दिखाई पड़ता है। कस्बे की गलियाँ सूनी और तंग हैं । गलियों में खामोश खड़े बिजली के खंभे हैं। वहाँ मीठी घंटी बजाते फेरीवाले हैं ।

10. 'बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना' चाहिए। दूकानदार ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर– साहिला ने पैन में नई स्याही भरवाने की इच्छा से उसमें बची स्याही को ज़मीन पर छिड़क दिया । दूकान पहुँचने पर वहाँ स्याही नहीं थी । तब दूकानदार ने कहा कि बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि किसी वस्तु को मिलने की प्रतीक्षा में हमें अपने पास की वस्तु को छोड़ना नहीं चाहिए । बिना सोच–विचार के हमें कुछ भी नहीं करना चाहिए ।

11. साहिल की पिंड़ली में कील लग गई । कैसे ?

उत्तर – साहिल नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था । वह स्टूल पर चढ़कर झूलता था । अचानक टूटे स्टूल की एक कील साहिल की पिड़ली में लग गई ।

12 ) सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| उन्हें बीरबहूटियों से मिलना था । | बीरबहूटियाँ खोजते थे । |
| बारिश की हवा में | फिर भी उनमें पानी बचा हुआ था । |
| बच्चे बहुत नज़दीक रहकर | हरियाली की गंध घुली हुई थी । |
| बादल बहुत बरस लिए थे । | वे घर से कुछ समय पहले निकले । |

उत्तर –

1. उन्हें बीरबहूटियों से मिलना था , वे घर से कुछ समय पहले निकले ।
2. बारिश की हवा में हरियाली की गंध घुली हुई थी ।
3. बच्चे बहुत नज़दीक रहकर बीरबहूटियाँ खोजते थे ।
4. बादल बहुत बरस लिए थे, फिर भी उनमें पानी बचा हुआ था ।

13. पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया । साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें।

दृश्य 1

स्कूल का मैदान । सुबह लगभग 10 बजे ।

[करीब ग्यारह साल के बच्चे बेला और साहिल स्कूल के मैदान में खड़े हैं । दोनों स्कूल यूनिफॉर्म पहने हैं। साहिल और बेला एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड देख रहे हैं।]

बेला : (दु:ख से)अब तुम कहाँ पढ़ोगे?

साहिल : (दुःख से) और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?

बेला : राजकीय कन्या पाठशाला में ।

साहिल : मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे।

बेला : अब तुम यहाँ नहीं रहोगे ?

साहिल : पता नहीं । तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला ?

बेला : (डबडबाई आँखों से हँसकर)मुझे क्या पता ।

(साहिल की आँखें दुःख से लाल होती हैं।)

14. कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

( जल्दी, नीली )

बेला और साहिल दूकान गए ।

बेला और साहिल स्याही भरवाने के लिए दूकान गए ।

----------------------------------------------------------------।

-------------------------------------------------------------------।

उत्तर -

बेला और साहिल दूकान गए ।

बेला और साहिल स्याही भरवाने के लिए दूकान गए ।

बेला और साहिल स्याही भरवाने के लिए जल्दी दूकान गए ।

बेला और साहिल नीली स्याही भरवाने के लिए जल्दी दूकान गए ।

**परीक्षा के प्रश्न (नमूने)**

1 . ' धरती पर चलती–फिरती खून की प्यारी–प्यारी बूँदें ' यहाँ किनका वर्णन है ?

क) मूँगफली के फूलों का  ख) बीरबहूटियों का

ग) नदियों का  घ) बारिश की बूँदों का

उत्तर – बीरबहूटियों का ।

2 ) 'बीरबहूटी' कहानी के आधार पर दोस्ती के संबंध में टिप्पणी लिखें ।

* साथ–साथ चलना  * सुख – दुःख में साथ रहना
* बिदाई में वेदना का अनुभव होना

उत्तर –

<u>साहिल और बेला की दोस्ती</u>

साहिल और बेला प्रभात की कहानी 'बीरबहूटी' के मुख्य पात्र हैं। दोनों पाँचवी कक्षा के छात्र हैं । वे एक साथ स्कूल आते–जाते हैं । वे बीरबहूटियों को खोजने और खेलने के लिए एक साथ निकलते हैं । दोनों एक ही क्लास में पढ़ते हैं, एक ही बेंच पर पास–पास बैठते हैं । कक्षा में साहिल जो करता है वही बेला भी करती है । एक साथ कॉपी लिखते हैं । किताब पढते तो दोनों एक ही किताब पढते, पाठ भी एक ही पढते । एक साथ पानी पीने चले जाते हैं । दोनों अच्छे दोस्त हैं । एक का दुःख दूसरे का भी है । सुरेंदर जी माटसाब बेला के बालों में पंजा फँसाते वक्त साहिल दुखी हो जाता है । बेला के सिर पर चोट लगने पर भी । साहिल की पिंडली में कील लग जाने पर बेला भी बहुत दुखी हो जाती है । पाँचवी का रिज़ल्ट आया। छठी कक्षा में दोनों अलग–अलग स्कूलों में पढ़नेवाले हैं । यह बात सोचकर बेला को रुलाई आई तो साहिल की आँखें भी लाल हो गई । दोनों एक दूसरे को सांत्वना देते हैं । इस प्रकार दोनों की अनुपम दोस्ती हम देख सकते हैं ।

**सूचना–' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया । दोनों छठी में आ गए । यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।" साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?" बेला ने पूछा। "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ? " साहिल ने पूछा । |

1. ' मेरे ' में निहित सर्वनाम कौन–सा है ?
   क) वह   ख) यह   ग) मैं   घ) तुम
   उत्तर – मैं
2. साहिल और बेला अलग – अलग स्कूलों में पढ़ने जा रहे हैं । क्यों ?
   उत्तर – उनका स्कूल पाँचवीं तक ही था । इसलिए दोनों अलग–अलग स्कूलों में पढ़ने जा रहे हैं । बेला राजकीय कन्या पाठशाला में और साहिल अजमेर में पढेंगे ।
3. साहिल और बेला अलग होनेवाले हैं । इससे बेला दुःखी है। वह अपने विचारों को डायरी में लिखती है । बेला की संभावित **डायरी** लिखें ।

उत्तर –

तारीख

आज हमारा रिज़ल्ट आया । मैं और साहिल पाँचवीं पास होकर छठी में आ गए । रिज़ल्ट पर हम दोनों खुश थे । लेकिन अगले साल मैं राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़नेवाली हूँ और साहिल अजमेर के एक हॉस्टल में रहकर पढ़नेवाला है । सालों से एकसाथ पढ़नेवाले हम दोनों अलग– अलग स्कूलों में जानेवाले हैं। अगले साल मुझे नए मित्र मिलेंगे । लेकिन साहिल बहुत अच्छा दोस्त है और उसकी दोस्ती भी खास है । मैं उससे कैसे बिछुड़ जाऊँ ? आज का दिन मैं कभी भूल नहीं सकती ।

**............................**

# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
# (टिप्पणी – नरेश सक्सेना)


सारांश

विख्यात हिंदी कवि विनोदकुमार शुक्ल की सुंदर कविता 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' पर महान कवि नरेश सक्सेना की टिप्पणी है प्रस्तुत पाठ । कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की प्रेरणा देती है । किसी व्यक्ति के नाम , पता , उम्र , जाति , ओहदे आदि जानने की आवश्यकता नहीं , उसकी निराशा , असहायता या संकट को जानना है । उसकी इस अवस्था पर सहायता करना सच्चे मनुष्य का कर्तव्य है । दूसरों से मनुष्यता के साथ व्यवहार करना 'जानना ' का सच्चा अर्थ है । मनुष्यों के बीच मनुष्यता का अहसास यानी मानवीय संवेदना होना ज़रूरी है ।


**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. ' निराशा ' के लिए समानार्थक शब्द कौन – सा है ?

   (क) जानना (ख) हताशा (ग) नाम (घ) जाति

   उत्तर — हताशा

2. कवि के मत में व्यक्ति को जानने का मतलब क्या है ?

   ( क ) नाम से जानना (ख ) हताशा से जानना

   ( ग ) जाति से जानना ( घ ) ओहदे से जानना

   उत्तर : हताशा से जानना

3. ' हाथ बढ़ाना ' का तात्पर्य क्या है ?

   क) दुखी बनाना ख) निराश करना ग) क्रोधी बनाना घ) सहायता करना

   उत्तर – सहायता करना

4. ' मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ ' – यहाँ ' वह ' कौन है ?

   उत्तर : हताश व्यक्ति

5. सही वाक्य चुनकर लिखें ।

   क) कवि हाथ बढ़ाना लगा । ख) कवि हाथ बढ़ाने लगी ।

   ग) कवि हाथ बढ़ाने लगे । घ) कवि हाथ बढ़ानी लगी ।

   उत्तर – कवि हाथ बढ़ाने लगे ।

6. विनोद कुमार शुक्ल की कविता की क्या– क्या विशेषताएँ हैं ?

उत्तर – मौलिकता और भाषा की अनगढ़ता ।

7. ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' नामक कविता का संदेश क्या है ?

उत्तर – किसी के दुख में संवेदना के साथ मदद करनी चाहिए । मनुष्य को मनुष्य की तरह देखना या जानना चाहिए ।

8. यह कविता किसकी याद दिलाती है ?

उत्तर – यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह "जानने " की याद दिलाती है।

9. हमें किन – किन व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए ?

उत्तर–हमें हताश ,असहाय, और संकट में पड़े व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए ।

10. 'अनगढ़ता ' का अर्थ क्या है ?

उत्तर– स्वाभाविकता

11. 'हम दोनों साथ चले' । कौन– कौन ?

उत्तर – कवि और हताश व्यक्ति ।

12. काव्य शिल्प का मतलब क्या है ?

उत्तर – साहित्यकार या कवि अपने भाव, विचार, कल्पना,आदि को प्रकट करने के लिए शब्दों का क्रमीकरण अपनी सृजनात्मकता के अनुसार विशेष ढंग से करते है। इसे काव्य शिल्प कहते हैं।

13. सही चार प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

क) अपरिचित व्यक्ति को कवि पहले नहीं जानता था ।

ख) अपरिचित व्यक्ति कवि को पहले जानता था ।

ग) कवि और अपरिचित व्यक्ति एक दूसरे को नहीं जानते थे ।

घ) कवि जानते थे कि अपरिचित व्यक्ति को मदद की ज़रूरत है ।

ङ) अपरिचित व्यक्ति ने कवि की मदद स्वीकार नहीं की ।

च) कवि की सहायता से अपरिचित व्यक्ति आगे बढ़ा।

उत्तर – अपरिचित व्यक्ति को कवि पहले नहीं जानता था ।

कवि और अपरिचित व्यक्ति एक दूसरे को नहीं जानते थे ।

कवि जानते थे कि अपरिचित व्यक्ति को मदद की ज़रूरत है ।

कवि की सहायता से अपरिचित व्यक्ति आगे बढ़ा।

14 . कवि ने रास्ते पर एक अपरिचित व्यक्ति को देखा । वह निराश था । कवि ने उस व्यक्ति की ओर अपना हाथ बढ़ाया । कवि और अपरिचित व्यक्ति के बीच का **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें ।

उत्तर –

कवि : ( हाथ बढ़ाते हुए )आप कृपया उठिए ।
व्यक्ति : क्या , आप मुझसे परिचित हैं ?
कवि : बिलकुल नहीं ।
व्यक्ति : फिर आप आप मेरी मदद क्यों करते हैं ?
कवि : आप निराश है, यह मैं जानता हूँ ।
व्यक्ति : आप बहुत अच्छे आदमी हैं।
कवि : क्या , हम कुछ दूर चलें । आइए मेरे साथ ।
व्यक्ति : ज़रूर , मैं आपके साथ आऊँगा ।

**परीक्षा के प्रश्न (**नमूने**)**

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा , असहायता ,या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते । सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ?

**1.** वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।
( अपरिचित , पड़ा )

. आदमी घायल है।
एक आदमी घायल है।
..............................................।
.................................................. ।

उत्तर –

आदमी घायल है ।
एक आदमी घायल है।
एक आदमी घायल पड़ा है ।
एक अपरिचित आदमी घायल पड़ा है ।

2 . कवि के अनुसार हताश व्यक्ति को जानने का मतलब क्या है ?

क) उसके ओहदे को जानना ख) उसकी मुसीबतों को पहचानना

ग) उसका नाम पहचानना घ) उसकी जाति पहचानना

उत्तर – उसकी मुसीबतों को पहचानना ।

3. " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " कविता में 'जानना' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर – व्यक्ति की हताशा, निराशा , असहायता या उसके संकट को जानना ।

4. कवि के अनुसार मनुष्य को कैसे जानना चाहिए ?

उत्तर – कवि के अनुसार मनुष्य को मनुष्य की तरह जानना चाहिए ।

5. असहाय मनुष्य की सहायता करना ज़रूरी है। 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' कविता के आधार पर **टिप्पणी** लिखें।

उत्तर –

'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' हिंदी के प्रसिद्ध कवि विनोदकुमार शुक्ल की एक छोटी और चर्चित कविता है। इस कविता के द्वारा कवि पाठकों में मनुष्यता और अनुताप की भावना भरने का प्रयास करते हैं। हमें अपनी ज़िंदगी में विभिन्न अवसरों पर दूसरों की सहायता करने की आवश्यकता पड़ती है। कवि कहते हैं कि हमें किसी भी व्यक्ति की सहायता करने केलिए उसकी जानकारियाँ प्राप्त करने की ज़रूरत नहीं है, बल्कि उसकी असहायता, निराशा, हताशा या संकट को जानना काफ़ी है। हमें यह जानना है कि वह व्यक्ति मुसीबत में है और उसे सहायता की ज़रूरत है।

........................

# टूटा पहिया

## (कविता- धर्मवीर भारती)

**<u>सारांश</u>**

यह हिंदी के महान कवि धर्मवीर भारती की कविता है । टूटे पहिए को अनुपयोगी समझकर मत फेंकना चाहिए । अपने मार्ग को असत्य जानते हुए भी बड़े– बड़े महारथियों ने अभिमन्यु पर आक्रमण किया था । इस समय अभिमन्यु टूटे पहिए को हथियार बनाकर उनके ब्रह्मास्त्रों से लोहा लेता है । इस प्रकार सत्य और धर्म की रक्षा के लिए टूटे पहिए रूपी लघु मानव की सहायता लेनी पड़ेगी ।

**निम्नलिखिन प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. 'टूटा पहिया ' किसका प्रतीक है ?
   उत्तर – लघु मानव का
2. चक्रव्यूह के अंदर घुसकर युद्ध करनेवाला वीर कौन था ?
   उत्तर – अभिमन्यु
3. ' दुरूह चक्रव्यूह ' में विशेषण शब्द कौन–सा है ?
   उत्तर – दुरुह
4. 'चक्रव्यूह' किसका प्रतीक है ?
   उत्तर – समस्याओं का
5. ब्रह्मास्त्रों से कौन लोहा ले सकता है ?
   उत्तर – टूटा पहिया
6. ' लोहा लेना ' का मतलब क्या है ?
   उत्तर – सामना करना
7. टूटा पहिया हमसे क्या प्रार्थना करता है ?
   उत्तर – उसे टूटा हुआ समझकर कहीं मत फेंको ।
8. चक्रव्यूह को दुरुह क्यों कहा गया है ?
   उत्तर – चक्रव्यूह के अंदर घुसना और बाहर निकलना कठिन था । इसलिए चक्रव्यूह को दुरूह कहा गया है।
9. टूटा पहिया क्या करना चाहता है ?
   उत्तर – अभिमन्यु जैसा सत्य या न्याय के पक्ष में रहनेवाला कोई व्यक्ति संकट में

पड़ जाए तो उसकी सहायता करना चाहता है।

10. बडे– बडे महारथी किसके पक्ष में थे ?

उत्तर – बड़े– बड़े महारथी असत्य के पक्ष में थे ।

11. ' मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ ' लेकिन मुझे फेंको मत ।' क्यों ?

उत्तर – एक दिन टूटा पहिया न्याय के पक्ष में खड़े रहनेवालों का आश्रय या सहारा बन जाएगा । इसलिए उसे छोड़ना नहीं चाहिए ।

12. टूटे पहिए से कवि क्या आशा करते हैं ?

उत्तर – आजकल समाज में असत्य और अन्याय का बोलबाला है । इन असत्यों और अन्यायों के ख़िलाफ़ अगर कोई लड़ेगा तो टूटा पहिया यानी लघुमानव ही उसका सहारा बनेगा । यही कवि की आशा है ।

13. " इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले "

इन पंक्तियों का आशय लिखें ।

उत्तर –

प्रस्तुत पंक्तियाँ धर्मवीर भारती की प्रतीकात्मक कविता ' टूटा पहिया ' से ली गई हैं । कवि कहते हैं कि इतिहास की सामूहिक गति जब सत्य और धर्म को छोड़कर असत्य और अधर्म के मार्ग पर चलने लगती है , तब सत्य और धर्म की स्थापना के लिए सच्चाई को टूटे पहिए का आश्रय लेना पड़ेगा । चक्रव्यूह में फँसे अभिमन्यु के लिए टूटा पहिया जिस प्रकार सहारा बना , उसी प्रकार समाज में मानव मूल्यों के संरक्षण के लिए टूटा पहिया जैसा लघु या उपेक्षित मानव ही काम आयेगा ।

**परीक्षा के प्रश्न (नमूने )**

1. ' मुझे फेंको मत ' – यह कौन कहता है ?

उत्तर : टूटा पहिया ।

2. " मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत " – टूटा पहिया ऐसा क्यों कहता है ?

उत्तर – टूटा पहिया अनुपयोगी माना जाता है और उसे फेंक दिया जाता है। लेकिन टूटा पहिया कहता है कि हम जिन चीज़ो को उपयोगहीन समझकर फेंक देते हैं, वे भी किसी न किसी दिन उपयोगी हो सकती हैं । उदाहरण के लिए चक्रव्यूह में फँसे अभिमन्यु की रक्षा भी एक टूटा पहिया ही करता है । महायोद्धा अभिमन्यु की रक्षा के लिए युद्ध क्षेत्र में एक टूटे पहिए के अलावा और कोई भी नहीं था । इसलिए टूटा पहिया ऐसा कहता है।

3. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें ।

रथ का टूटा चक्र कहता है कि मुझे फेंकना नहीं चाहिए ।

उत्तर – "मैं<br>
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ ।<br>
लेकिन मुझे फेंको मत"

4. टूटा पहिया किसका प्रतिनिधित्व करता है ? स्पष्ट करें ।

उत्तर –

टूटा पहिया लघु मानव का प्रतिनिधित्व करता है। टूटा पहिया नामक कविता में कवि धर्मवीर भारती कहते हैं कि टूटे पहिए को अनुपयोगी समझकर नहीं फेंकना चाहिए । अपने मार्ग को असत्प जानते हुए भी बड़े– बड़े महारथियों ने अभिमन्यु पर आक्रमण किया । इस समय अभिमन्यु ने टूटे पहिए को हथियार बनाकर उनके ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था । इस प्रकार आज के ज़माने में भी सत् और धर्म की रक्षा के लिए टूटे पहिए रूपी लघु मानव की सहायता लेनी पडेगी ।

...................................

# आई एम कलाम के बहाने
## (फिल्मी लेख- मिहिर)

**<u>सारांश</u>**

'आई एम कलाम के बहाने' मिहिर पांडेय का लिखा हुआ फिल्मी लेख है । इसके दो भाग हैं। पहले भाग में लेखक अपने बचपन के जीवन अनुभवों का वर्णन करते हैं । दूसरे भाग में फिल्म की समीक्षा है । फिल्म की कहानी और लेखक के अनुभवों में कुछ समानताएँ हैं ।

मिहिर बचपन में गाँव के स्कूल में पढ़ता था। उसका दोस्त था, मोरपाल। नाम का पहला अक्षर एक होने से क्लास की दरीपट्टी पर दोनों पास बैठते थे। मोरपाल एक गरीब लड़का था। वह स्कूल से पंद्रह किलोमीटर दूर एक गाँव में रहता था। वह रोज़ साइकिल चलाता स्कूल आता था। वह दोपहर को खाने के लिए एक बड़े-से डिब्बे में छाछ लाता था। मोरपाल को स्कूल से गहरा प्रेम था। उसके लिए रविवार हफ़्ते का सबसे बुरा दिन था । क्योंकि जब वह घर में रहता था तब उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी । उसके पास एक ही नया कपड़ा था जो स्कूल की नीली-खाकी यूनीफ़ॉर्म थी। इसलिए किसी शादी में भी वह स्कूल की यूनीफॉर्म पहनकर आता था । लेकिन मिहिर की स्थिति अलग थी । वह एक धनी परिवार का लड़का था। वह खाने केलिए घर से राजमा- चावल लाता था। उसके पास कई कीमती कपड़े थे । उसे स्कूल जाना पसंद नहीं था। स्कूल की छुट्टी हो जाने पर वह घर में नाचा करता था । खेल घंटी में मिहिर और मोरपाल खाने की अदला-बदली करते थे । मिहिर के घर से लाया राजमा-चावल मोरपाल का और मोरपाल के घर से लाया छाछ का बड़ा-सा डिब्बा मिहिर का । छाछ मिहिर की कमज़ोरी थी। मोरपाल ने मिहिर के टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले राजमा देखा भी नहीं था । मोरपाल की पढ़ाई आठवीं के बाद छूट जाती है। वह आज भी खेत-मजूरी करके जीवन बिताता है।

नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम ' फिल्म का नायक है, कलाम । फिल्म में उसका असल नाम 'कलाम' नहीं है । सब लोग उसे छोटू कहकर बुलाते हैं । वह राष्ट्रपति कलाम जैसा बड़ा आदमी बनना चाहता है । वह खुद अपना नाम 'कलाम' रख लेता है। वह जैसलमेर के किसी गाँव से आकर भाटी सा की चाय की दुकान में काम करता है। वह सीखने में तेज़ है। उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है । भाटी सा उसकी प्रशंसा करता है । उसका सपना है स्कूल जाना और बड़ा आदमी बनना । उसका दोस्त है रणविजय । वह ढाणी के राणा का बेटा है । उसे परीक्षा से डर है । इसलिए वह स्कूल जाना पसंद नहीं करता। एक दिन रणविजय को स्कूल में भाषण देने केलिए कहा जाता है। वह परेशान है क्यों कि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं । यह जानकर

कलाम एक अच्छा  भाषण लिखकर उसे देता है । रणविजय को प्रथम पुरस्कार मिलता है । इस बीच राणा के सेवक कलाम के घर तलाशी लेने आते हैं । वहाँ रणविजय की कुछ चीज़ों को पाकर कलाम पर चोरी का आरोप लगाया जाता है । लेकिन कलाम दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता है । वह जानता है कि राणा को उनकी दोस्ती का पता चले तो वे रणविजय को सज़ा देंगे । इसलिए वह चोरी का झूठा आरोप सह लेता है । डॉ.कलाम को अपनी चिट्ठी देने केलिए वह अकेला निकल पड़ता है । फिल्म के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. छाछ किसकी कमज़ोरी थी ?
   उत्तर- मिहिर की ।
2. किसको स्कूल से बड़ा प्रेम था ?
   उत्तर- मोरपाल को ।
3. कलाम का सपना क्या है ?
   क) पेड़ पर चढ़ना   ख ) स्कूल जाना   ग) खाना खाना   घ) चिट्ठी लिखना
   उत्तर- स्कूल जाना
4. भाषण प्रतियोगिता में किसको प्रथम पुरस्कार मिलता है ?
   क) रणविजय   ख) कलाम   ग)मिहिर   ग) मोरपाल
   उत्तर- रणविजय
5. ' छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता ।'- इसका मतलब क्या है ?
   क) छोटू छोटा बनना चाहता है ।   ख) छोटू बड़ा बनना चाहता है ।
   ग) छोटू कुछ बनना नहीं चाहता ।   घ) छोटू जीना नहीं चाहता ।
   उत्तर-छोटू बड़ा बनना चाहता है ।
6. झूठे आरोप के सामने भी कलाम अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता । क्यों ?
   क) कलाम को धिक्कार है ।   ख) कलाम किसीसे डरता नहीं ।
   ग) रणविजय को सज़ा मिलेगी ।   घ)रणविजय ने कलाम को उपहार दिया है ।
   उत्तर- रणविजय को सज़ा मिलेगी ।
7. ' झूठे आरोप ' में विशेषण शब्द कौन-सा है ?
   उत्तर- झूठे
8. कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।
   ( बालक, सुदूर )

कलाम आया ।

कलाम देहात से आया ।

.......................................... ।

.....................................................।

उत्तर- कलाम आया ।

कलाम देहात से आया ।

बालक कलाम देहात से आया ।

बालक कलाम सुदूर देहात से आया ।

9. सही दो प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

* मिहिर और मेरपाल खाने की अदला-बदली करते थे ।
* मिहिर छाछ लाता था।
* मोरपाल की पढ़ाई आठवीं के बाद छूट जाती है।
* मोरपाल केलिए राजमा सामान्य -सी चीज़ थी।

उत्तर - मिहिर और मेरपाल खाने की अदला-बदली करते थे ।

मोरपाल की पढ़ाई आठवीं के बाद छूट जाती है।

10. "हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला - बदली का ।" -इस प्रसंग पर मिहिर और मोरपाल के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें ।

उत्तर-

मिहिर : अरे, क्या कर रहे हो ? घंटी बज गई है । खाना खाएँ ?

मोरपाल : हाँ, मुझे भी भूख लगती है ।

मिहिर : तुम क्या लाये हो ?

मोरपाल : छाछ ।

मिहिर : छाछ ! बहुत पसंद है, मुझे । मेरे पास राजमा-चावल है ।

मोरपाल : राजमा ? वह कौन-सी चीज़ है ? मैंने देखा तक नहीं ।

मिहिर : तुमने अभी तक राजमा नहीं खाया ?

मोरपाल : नहीं। हमारे घर में यह नहीं खरीदता ।

मिहिर : तो आज मेरा राजमा तुम खाओ ।

मोरपाल : तुम क्या खाओगे ?

मिहिर : तुम्हारी छाछ ।

मोरपाल : ठीक है ।

**<u>परीक्षा के प्रश्न (नमूने )</u>**

**सूचना -' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| लेकिन छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह खुद ही अपना नाम ' कलाम ' रख लेता है। इस नाम में उसकी आकांक्षाओं का अक्स है । उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है । भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते । |

1. ' छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता।' इसका मतलब क्या है ?

   क) भाटी जैसा बनना ख) कलाम जैसा बनना

   ग)अमिताभ जैसा बनना घ) राणा जैसा बनना

   उत्तर- कलाम जैसा बनना

2. छोटू की कलाकारी की प्रशंसा भाटी सा क्यों करता है ?

   उत्तर – छोटू सीखने में तेज़ है । उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है । इसलिए भाटी सा उसकी प्रशंसा करता है ।

3. कोष्ठक के शब्दों से पिरमिड की पूर्ति करें ।

   ( खुशी से , नायक )

   छोटू जाता है ।

   छोटू स्कूल जाता है ।

   ........................................।

   ..................................................।

   उत्तर-

   छोटू जाता है ।

   छोटू स्कूल जाता है ।

   छोटू खुशी से स्कूल जाता है ।

   नायक छोटू खुशी से स्कूल जाता है ।

**सूचना -' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

फिल्म में हमारे नायक का असल नाम ' कलाम ' नहीं है । ढाणी पर काम करनेवाले और बच्चों की तरह उसे भी सब छोटू कहकर बुलाते हैं। उसकी माँ जैसलमेर के किसी सुदूर देहात से आकर उसे भाटी सा की चाय की थड़ी पर काम करने केलिए छोड़ जाती है।वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती। लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह खुद ही अपना नाम ' कलाम ' रख लेता है ।

1. सही वाक्य चुनकर लिखें ।

क) कलाम ढाणी पर काम करती हैं ।

ख) कलाम ढाणी पर काम करती है ।

ग) कलाम ढाणी पर काम करती हूँ ।

घ) कलाम ढाणी पर काम करता है ।

उत्तर- कलाम ढाणी पर काम करता है ।

2. माँ कलाम को चाय की थड़ी पर क्यों छोड़ जाती है ?

क)अंग्रेज़ी पढ़ने केलिए । ख) काम करने केलिए ।

ग) हिंदी पढ़ने केलिए । घ) कलाम बनने केलिए ।

उत्तर – काम करने केलिए ।

3. छोटू खुद ही अपना नाम 'कलाम' रख लेता है । क्यों ?

उत्तर – छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह कलाम जैसा बड़ा बनना चाहता है। उस नाम में उसकी आकांक्षाओं का अक्स है । इसलिए वह खुद ही अपना नाम 'कलाम' रख लेता है ।

4. कलाम को चाय की थड़ी पर छोड़ जाने के प्रसंग पर माँ और भाटी सा के बीच में क्या बातचीत हुई होगी । कल्पना करके लिखें ।

उत्तर-

माँ : नमस्ते ।

भाटी सा : नमस्ते । क्या चाहिए ?

माँ : मैं बहुत दूर से आ रही हूँ । मुझे आपकी मदद चाहिए ।

भाटी सा : आप क्या बताना चाहती हैं ? मेरी समझ में नहीं आ रहा है ।

माँ : यह मेरा लड़का है । इसे आपकी दूकान में कोई काम दे दीजिए ।

भाटी सा : यहाँ तो मेरे साथ एक लड़का भी काम करता है।इसे मैं कौन–सा काम दे दूँ ?

माँ : घर की हालत बहुत बुरी है। इसे आप अपने पास रहने दीजिए। कम से कम इसकी भूख मिट जाए ।

भाटी सा : लेकिन इतने छोटे बच्चे को . . . . . . . .

माँ : आप चिंता मत कीजिए । यह जल्द ही सब कुछ सीख लेगा । इसकी वजह स आपको कोई परेशानी नहीं होगी ।

भाटी सा : ठीक है ।

माँ : धन्यवाद । मैं चली जाऊँ ?

भाटी सा : हाँ ।

5.इस प्रसंग के आधार पर छोटू की **डायरी** लिखें ।

उत्तर–

तारीख

आज मुझे भाटी सा की दूकान में छोड़कर माँ चली गई । माँ क्या करेगी ? घर की हालत इतनी बुरी है कि खाना भी नहीं मिलता । माँ के सामने और कोई रास्ता नहीं था । डबडबाई आँखों से माँ ने विदा ली । मेरी भी आँखें भर गई । अभी तक माँ से बिछुड़कर कहीं रहना न पड़ा । घर से दूर . . . माँ से दूर. . . .यहीं भाटी सा की दूकान में अकेला रहूँगा । लगता है कि भाटी सा अच्छा आदमी है । अभी तक उनका व्यवहार प्यार –भरा है । कल भाटी सा कौन–सा काम देगा ? पता नहीं। काम कोई भी हो , अच्छी तरह करने का परिश्रम करूँगा । कभी उन्हें निराश नहीं करूँगा , ज़रूर उनकी प्रशंसा पाऊँगा।

**सूचना –' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा । और वह अकेला ही निकल पड़ता है । रास्ते में मुश्किलें हैं ।लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है । |

1. ' हमनाम ' शब्द का मतलब क्या है ?

   क)अलग नामवाला ख) उपनामवाला ग)समान नामवाला घ) साधारण नामवाला

   उत्तर– समान नामवाला

2. ' छोट्रू को अपनी मंजिल मिलती है । ' उसकी मंजिल क्या थी ?

   उत्तर– छोट्रू स्कूल जाकर पढ़ना चाहता था। वही उसकी मंजिल थी ।

3. 'वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा' । अपने पत्र में छोटू क्या–क्या लिखे होंगे ? डॉ कलाम के नाम छोटू का **पत्र** कल्पना करके लिखें ।

स्थान

तारीख

आदरणीय कलाम जी,

मैं गाँव का लड़का हूँ । मेरा नाम छोटू है । मैं इधर ढाणी की एक चाय की दूकान में काम कर रहा हूँ । पिछले दिन मैंने टीवी में आपका भाषण सुना । वह मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक रहा । मुझे भी पढ़ने की बड़ी आशा है । लेकिन मेरे जैसे गरीब बच्चों को पढ़ने केलिए कोई स्कूल नहीं है । अत: आपसे निवेदन है कि हमारे गाँव में एक स्कूल खोलने की कृपा करें । हम भी स्कूल जाकर पढ़ें और आप जैसे बड़े आदमी बनें । आपके जवाब की प्रतीक्षा में ।

आपका आज्ञाकारी

हस्ताक्षर

छोटू

सेवा में<br>
डॉ कलाम,राष्ट्रपति<br>
नई दिल्ली

4. ' प्रगति फिल्म क्लब, चेन्नै ' के वार्षिक समारोह में ' आई एम कलाम ' फिल्म का प्रदर्शन होनेवाला है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

उत्तर-

प्रगति फिल्म क्लब, चेन्नै

**वार्षिक समारोह**

उद्घाटन: श्री मिहिर पांडेय

फिल्म प्रदर्शन

**आई एम कलाम**

9 मार्च 2024

प्रगति सभागृह में

शाम को 7 बजे

सबका हार्दिक स्वागत है ।

**सूचना –' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का । यानी मेरे टिफिन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया छाछ का बड़ा- सा डिब्बा मेरा । उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है । लेकिन मुझे मोरपाल से मिलने से पहले कतई अंदाज़ा नहीं था कि मेरे लिए राजमा जैसी सामान्य सी चीज़ किसी केलिए खास हो सकती है ।

1. मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था ?

   उत्तर– खाने की अदला–बदली ।

2. छाछ किसकी कमज़ोरी थी ?

   उत्तर– मिहिर की

3. उचित वाक्यांश चुनें ,वाक्य की पूर्ति करें ।

* टिफ़िन में लाता था * छाछ लाता था * स्कूल के दोस्त थे
* खाने की अदला–बदली होती थी * साधारण–सी चीज़ थी

क) मिहिर और मोरपाल ......................... ।
ख) मिहिर और मोरपाल के बीच ...................... ।
ग ) मिहिर राजमा–चावल ...............................।
घ) मोरपाल अपने घर से ................................।
ङ) मिहिर केलिए राजमा ................................।

उत्तर –

क) मिहिर और मोरपाल स्कूल के दोस्त थे ।
ख) मिहिर और मोरपाल के बीच खाने की अदला–बदली होती थी ।
ग) मिहिर राजमा–चावल टिफ़िन में लाता था।
घ) मोरपाल अपने घर से छाछ लाता था।
ङ) मिहिर केलिए राजमा साधारण–सी चीज़ थी।

**सूचना –' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है । रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं । कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है । रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है। |

1. सही विकल्प चुनकर लिखें ।

क) वे + के = उसके ख) वह + के = उसके
ग) यह + के = उसके घ) ये + के = उसके

उत्तर - वह + के = उसके

2. कलाम झट एक अच्छा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है । क्यों ?

उत्तर– रणविजय को स्कूल में भाषण देने के लिए कहा गया है । उसकी हिंदी उतनी अच्छी नहीं । इसलिए वह परेशान है । अपने दोस्त की सहायता करने के लिए कलाम झट एक अच्छा भाषण लिख रणविजय को देता है ।

3. एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है । इसपर रणविजय और कलाम के बीच बातचीत हुई । वह बातचीत कल्पना करके लिखें ।

उत्तर -

कलाम : अरे ,क्या हुआ ? मुँह क्यों उतर गया है ?

रणविजय : स्कूल में भाषण देने को कहा गया है ।

कलाम : अंग्रेज़ी में या हिंदी में ?

रणविजय : हिंदी में ।

कलाम : समझ गया । तुम्हारी हिंदी उतनी अच्छी नहीं । ठीक है न ?

रणविजय : ठीक है । इसलिए परेशान हूँ ।

कलाम : अरे , छोड़ दो । मैं लिख दूँगा ।

रणविजय : सच ?

कलाम : हाँ, एक दोस्त लिखेगा दूसरा बोलेगा । कैसे ? अच्छा है न ?

रणविजय : हाँ , अच्छा है ।

........................

# सबसे बड़ा शो मैन

( जीवनी- गीत चतुर्वेदी )

**<u>सारांश</u>**

सर चार्ल्स स्पेनसर चैप्लिन विश्व के बड़े कलाकारों में एक हैं। वे हास्य अभिनेता, फिल्म निदेशक,संगीतज्ञ,फिल्म निर्माता आदि के रूप में मशहूर हैं । अमरीकी सिनेमा के क्षेत्र में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। यहाँ चैप्लिन के जीवन की एक घटना का वर्णन है। चार्ली की माँ एक गायिका थी । चार्ली को वह अक्सर अपने साथ थिएटर ले जाती थी ।एक दिन माँ गाना गा रही थी । तब उसकी आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई । दर्शक चिल्लाने लगे । माँ को स्टेज से हट जाना पड़ा । मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने केलिए हठ करने लगा । माँ डर गई । क्योंकि चार्ली सिर्फ पाँच साल का बच्चा था। अंत में मैनेजर चार्ली को स्टेज पर ले गया। चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया। गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसे बरसने लगे। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया । तब मैनेजर एक रूमाल लेकर आया और पैसे बटोरने लगा। चार्ली ने दर्शकों से शिकायत की कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है । लोग ज़ोर से हँसने लगे । उसके बाद चार्ली ने दर्शकों से बातचीत की , नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी । मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी । दर्शक बहुत खुश हुए और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे।चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार । दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. 'अभद्र शोर ' में विशेषण शब्द कौन-सा है ?

   उत्तर – अभद्र ।

2. सही वाक्य चुनकर लिखें ।

   क) लोग चिल्लाने लगे।
   ख) लोग चिल्लाने लगा।
   ग) लोग चिल्लाना लगा।
   घ) लोगों ने चिल्लाने लगा।

   उत्तर – लोग चिल्लाने लगे ।

3. चार्ली ने स्टेज पर कौन-सा गीत गाया ?

   उत्तर – जैक जोन्स

4. ' उसके ' में निहित सर्वनाम कौन-सा है ?

( वे, ये, यह. वह )

उत्तर – वह

5. कोष्ठक के शब्दों से विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

( धुआँ , गीत, आवाज़, मशहूर )

उत्तर – मशहूर

6. ' हवाले करना ' का अर्थ है-

( छीन लेना, हवा का बहना, सौंपना )

उत्तर – सौंपना

7. ' नकल उतारना ' का अर्थ है-

( फुसफुसाना, अनुकरण करना, बातचीत करना )

उत्तर – अनुकरण करना

8. चार्ली ने कौन-सी घोषणा की ?

उत्तर – चार्ली ने घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा ।

9. कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

( मासूम, मशहूर )

चार्ली ने गाया ।

चार्ली ने गीत गाया।

.......................................।

.................................................।

उत्तर – चार्ली ने गाया ।

चार्ली ने गीत गाया।

चार्ली ने मशहूर गीत गाया।

मासूम चार्ली ने मशहूर गीत गाया।

10. सही चार प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

* माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई ।
* माँ को स्टेज से हट जाना पड़ा ।
* माँ और चार्ली के बीच बहस हुआ ।
* मैनेजर डर गया ।
* मैनेजर चार्ली को स्टेज पर अकेला छोड़ आया ।

* चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है ।
* माँ स्टेज पर पहली बार आयी और चार्ली आखिरी बार ...।

उत्तर-

* माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई ।
* माँ को स्टेज से हट जाना पड़ा ।
* मैनेजर चार्ली को स्टेज पर अकेला छोड़ आया ।
* चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है ।

11.संबंध पहचानें और सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| लोगों को लगा | दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई । |
| धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच | पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद गाऊँगा । |
| चार्ली ने घोषणा की | माइक में कुछ खराबी आ गई है । |
| माँ चार्ली को लेने स्टेज पर आई | चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाया । |

उत्तर-

| | |
|---|---|
| लोगों को लगा | माइक में कुछ खराबी आ गई है । |
| धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच | चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाया । |
| चार्ली ने घोषणा की | पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। |
| माँ चार्ली को लेने स्टेज पर आई | दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई । |

12. ' दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था'। इस घटना पर एक रपट तैयार करें ।

उत्तर-

**पाँच साल के बच्चे का अनोखा प्रदर्शन**

अल्डरशॉट : कल शाम को शहर के एक थिएटर में एक अजीब घटना घटी । स्टेज पर गायिका हैन्ना गीत गा रही थी । अचानक उनका गला खराब हो गया और आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई । दर्शक चिल्लाने लगे और हैन्ना को स्टेज से हट जाना पड़ा । तब उनका बेटा पाँच साल का चार्ली स्टेज पर आया । उसने लोगों में गुदगुदी फैला दी । चार्ली ने गीत गाया, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी । दर्शक अत्यंत खुश हुए और स्टेज पर पैसे बरसे । अंत में जब माँ उसे लेने स्टेज पर आई तब लोगों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई । चार्ली ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लोगों का दिल जीत लिया ।

**परीक्षा के प्रश्न (नमूने )**

**सूचना -' सबसे बड़ा शो मैन ' का यह अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई । पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा ! |

1. माँ के डर का कारण क्या है ?

उत्तर – बहुत बड़ी भीड़ है । लोग चिल्ला रहे हैं । चार्ली तो पाँच साल का बच्चा है । वह इस उग्र भीड़ को कैसे झेल पाएगा ! यह सोचकर माँ डर गई ।

2. मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ बहुत डरी हुई थी । मैनेजर और चार्ली की माँ के बीच हुई संभावित बातचीत लिखें ।

उत्तर -

माँ : मैं गा नहीं पा रही हूँ साब ।
मैनेजर : क्यों, क्या हुआ ?
माँ : मेरी आवाज़ फट रही है ।
मैनेजर : लोग चिल्ला रहे हैं , हम क्या करें ?
माँ : माफ़ कीजिए । मुझसे गाया नहीं जाता।
मैनेजर : मेरे मन में एक उपाय है ।
माँ : कौन– सा उपाय ? बताइए ।
मैनेजर : हम चार्ली को स्टेज पर भेज देंगे ।
माँ : चार्ली ! वह तो पाँच साल का बच्चा है ।
मैनेजर : कुछ दिन पहले मैंने उसका अभिनय देखा था । बहुत अच्छा लगा ।
माँ : मुझे डर लगता है । वह इस उग्र भीड़ को कैसे झेल पाएगा !
मैनेजर : तुम चिंता मत करो । मैं उसे समझा दूँगा कि क्या करना है ।
माँ : ठीक है ।

**सूचना –' सबसे बड़ा शो मैन ' का यह अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं । कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। |

1. दर्शकों ने चार्ली का अभिनंदन कैसे किया ?

उत्तर – दर्शकों ने खड़े होकर तालियाँ बजाईं और माँ से हाथ मिलाया । इस तरह दर्शकों ने चार्ली का अभिनंदन किया ।

2. लोगों ने चार्ली की खूब तारीफ़ की । माँ बहुत खुश थी । चार्ली की माँ की उस दिन की **डायरी** लिखें ।

उत्तर-

तारीख

आज का दिन मेरे लिए दुख और आनंद दोनों का रहा । थिएटर में मैं गा रही थी । अचानक मेरी आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में बदल गई। लोग चिल्लाने लगे। मुझे स्टेज से हट जाना पड़ा। मुझे बड़ा दुख हुआ । किसी तरह अपने मन को संभाला । तब मैनेजर मेरे पास आकर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। पाँच साल का बच्चा इतनी बड़ी भीड़ को कैसे झेल पाएगा । मैं डर गई । लेकिन मैनेजर चार्ली को स्टेज पर ले गया । चार्ली ने गीत गाया , नृत्य किया और कई गायकों की नकल उतारी । स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हुई । जब मैं चार्ली को लेने स्टेज पर आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं । मुझे बड़ी खुशी हुई । मैं अपना सारा दुख भूल गई । आज का दिन मैं कभी नहीं भूल पाऊँगी ।

**सूचना –' सबसे बड़ा शो मैन ' का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई ।चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा । इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया। |

1. 'पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा ' ऐसा किसने कहा ?

उत्तर- चार्ली ने कहा ।

2. ़हॉल हँसीघर में कैसे तब्दील हो गया ?

उत्तर – चार्ली स्टेज पर गा रहा था। दर्शक खुश हुए और स्टेज पर पैसे बरसे । तब चार्ली ने घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

3. इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें ।

उत्तर –

शहर का एक थिएटर । शाम को पाँच बजे ।

[स्टेज पर पाँच साल का बच्चा चार्ली मशहूर गीत जैक जोन्स गा रहा है । उसके पीछे और बगल पर आर्केस्ट्रा वाले बैठे हैं। हॉल दर्शकों से भरे हुए हैं। वे बच्चे के गाने का आस्वादन कर रहे हैं । कुछ लोग स्टेज पर पैसे फेंक रहे हैं । चार्ली गाना रोक देता है । थोड़ी देर के लिए हॉल में सन्नाटा छा जाता है । ]

दर्शक 1: (उत्सुकता से ) तुमने गाना क्यों रोक दिया ?

चार्ली : (मासूमियत में दर्शकों से ) अब मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा ।

(दर्शक हँसने लगते हैं। तब मैनेजर जो कमीज़–पैंट पहने अधेड़ आदमी है ,हाथ में रूमाल लेकर स्टेज पर आता है और पैसे बटोरने लगता है ।)

चार्ली : (शिकायती लहजे में दर्शकों से )अरे देखो, हमारा मैनेजर ! पैसे बटोरता है अपने पास रखने केलिए ।

( दर्शकों की हँसी बढ़ जाती है । मैनेजर चार्ली की बात पर ध्यान न देकर पैसे बटोर लेता है और बैकस्टेज की ओर जाता है । चार्ली व्याकुलता से उसके पीछे चला जाता है । हॉल में दर्शकों के हँसने की आवाज़ सुनाई देती है । )

4. 'चैप्लिन स्मृति मंच ' के नेतृत्व में 16 अप्रैल 2024 को दिल्ली के करोलबाग में "सरकस फिल्म का समकालीन महत्व" विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है । इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

# संगोष्ठी

**विषय: "सरकस" फिल्म का समकालीन महत्व**

**16 अप्रैल 2024**

**सुबह 10 बजे**

**दिल्ली के करोलबाग में**

सबका हार्दिक स्वागत है ।

चैप्लिन स्मृति मंच , दिल्ली

**....................**

# अकाल और उसके बाद

## ( कविता - नागार्जुन)

**<u>सारांश</u>**

नागार्जुन हिंदी के प्रगतिशील साहित्यकार हैं । उनकी एक छोटी कविता है ,अकाल और उसके बाद । कविता के दो खंड़ हैं । पहले खंड़ में अकाल का वर्णन किया गया है। दूसरे खंड़ में अकाल  के बाद की हालत का वर्णन है ।

कई दिनें से अकाल है । घर में अनाज नहीं है। चूल्हा जलाया नहीं जाता। चक्की चलाई नहीं जाती । इसलिए दोनों बहुत उदास हैं। एक कुतिया उनके पास लेटी है । वह कानी भी है। वह आखिर सो गई है । छिपकलियाँ दीवार पर टहल रही हैं । वे भी भूखी हैं । चूहों की हालत भी बहुत बुरी है। अकाल का असर मनुष्य पर ही नहीं ,सभी जीवों पर पड़ा है ।

कई दिनों के अकाल के बाद घर में दाने आये । घर भर की आँखें चमक उठीं ।सब प्रसन्न हो गए । चूल्हा जलाया गया। घर के छप्पर के ऊपर धुआँ उठा । धुआँ देखकर कौए भी उम्मीद से भर उठे । वे पंख खुजलाने लगे ।

कविता की भाषा सरल है । कवि ने बिंबों के सहारे अकाल की गरीबी,भूख और पीड़ा का चित्रण किया है। साथ ही साथ दाने के आगमन से होनेवाले उल्लास का भी चित्रण किया है ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. 'अकाल और उसके बाद ' किस विधा की रचना है ?
   उत्तर-  कविता ।
2. 'अकाल और उसके बाद' कविता का रचयिता कौन है ?
   उत्तर-   नागार्जुन ।
3. कानी कुतिया किनके पास सोई हुई थी ?
   उत्तर-  चूल्हा और चक्की के पास ।
4. दीवार पर कौन गश्त कर रही थीं ?
   उत्तर- छिपकलियाँ ।
5. कौन शिकस्त हालत में पड़े थे ?
   उत्तर-  चूहे ।
6. अकाल के बाद घर में किसका आगमन हुआ ?
   उत्तर-  दाने का ।
7. सब प्रसन्न हो गए । क्यों ?
   उत्तर-  दाने के आगमन से ।

8. 'कानी कुतिया' में विशेषण शब्द कौन- सा है ?

उत्तर- कानी ।

9. चूल्हा और चक्की क्यों उदास हो गए ?

उत्तर- अनाज के अभाव में चूल्हा जलाया नहीं गया और चक्की चलायी नहीं गयी । इसलिए दोनों उदास हो गए ।

10. कवि ने दो निर्जीव वस्तुओं को चेतनासंपन्न बना दिया है । वे कौन-कौन हैं ?

उत्तर- चूल्हा और चक्की ।

11. कविता में ' कई दिनों तक ' की पुनरावृत्ति किसको सूचित करती है।

उत्तर- कविता में कई दिनों तक की पुनरावृत्ति अभाव की निरंतरता को सूचित करती है ।

12. कविता में ' कई दिनों के बाद ' की पुनरावृत्ति किसको सूचित करती है ?

उत्तर- कविता में ' कई दिनों के बाद' की पुनरावृत्ति अकाल और दाने के आगमन के बीच के लंबे अंतराल को सूचित करती है ।

13. कविता की प्रासंगिकता पर **टिप्पणी** लिखें ।

उत्तर- अकाल ऐसा भीषण समय होता है जब जीव-जंतु खाने-पीने की चीज़ों केलिए तड़पते रहते हैं । भूख-प्यास से परेशान होकर बीमार बन जाते हैं, मर जाते हैं । यह या तो प्राकृतिक हो सकता है या मानव-निर्मित । इसका असर केवल मनुष्य पर ही नहीं, अन्य जीवों पर भी पड़ता है। वर्तमान समय में प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। प्राकृतिक दुर्घटनाएँ होने की संभावना भी ज़्यादा है । यह कविता चेतावनी देती है कि कम से कम मानव-निर्मित विपदाएँ आने न दें। यह कविता हमारे मन में यह उम्मीद भर देती है कि जीवन की धारा रुकेगी नहीं,बहती रहेगी ।

14. कोष्ठक के वाक्यांशों से उचित खंभे भरें ।

(घर के अंदर दाने का आना , चूल्हे का रोना, शिकस्त हालतवाले चूहे, आँगन के ऊपर धुएँ का उठना, घर भर की आँखों का चमक उठना, चक्की का उदास रहना , भीत पर छिपकलियों की गश्त ,कौए के पंखों का खुजलाना )

| अकाल | अकाल के बाद |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

उत्तर-

| अकाल | अकाल के बाद |
|---|---|
| चूल्हे का रोना | घर के अंदर दाने का आना |
| शिकस्त हालतवाले चूहे | आँगन के ऊपर धुएँ का उठना |
| चक्की का उदास रहना | घर भर की आँखों का चमक उठना |
| भीत पर छिपकलियों की गश्त | कौए के पंखों का खुजलाना |

15. कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

( कानी, उदास )

कुतिया सोई ।

कुतिया चक्की के पास सोई ।

................................................ ।

.............................................................।

उत्तर - कुतिया सोई ।

कुतिया चक्की के पास सोई ।

कानी कुतिया चक्की के पास सोई ।

कानी कुतिया उदास चक्की के पास सोई ।

16. नमूने के अनुसार लिखें ।

| चक्की रोती है । | चक्की रोई । |
|---|---|
| चूल्हा रोता है । | ..................................। |

उत्तर - चूल्हा रोया ।

**<u>परीक्षा के प्रश्न ( नमूने )</u>**

**सूचना -'अकाल और उसके बाद ' की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद<br>धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद |

1. ' कई दिनों के बाद घर में अनाज आया।' यह आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें ।

उत्तर - दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद

2. इन पंक्तियों का आशय लिखें ।

उत्तर - कई दिनों के अकाल के बाद घर में दाने आये। चूल्हा जलाया गया । घर के छप्पर के ऊपर धुआँ उठा।

**सूचना-'अकाल और उसके बाद ' की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

> कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
> कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

1. चूल्हा और चक्की क्यों बहुत दुखी हैं ?

उत्तर - अनाज के अभाव में चूल्हा जलाया नहीं गया और चक्की चलायी नहीं गयी । इसलिए दोनों बहुत दुखी हैं ।

2. ' पानी नहीं तो खाना नहीं ' जल संरक्षण का संदेश देते हुए पोस्टर बनाएँ ।

उत्तर -

*** जीवों की आधारभूत आवश्यकता है जल ।**

*** जल-स्रोतों का संरक्षण करें ।**

*** नदी-नालों में कूड़ा - कचरा मत फेंकें ।**

*** जल बरबाद न करें ।**

*** जल नहीं तो खाना नहीं ।**

जल संरक्षण समिति , नई दिल्ली

**अथवा**

' जीवों की आधारभूत आवश्यकता है जल ।' जल-संरक्षण के महत्व पर लघु लेख लिखें ।

उत्तर -

जल - संरक्षण

जल जीवन का आधार है। जल के बिना हम जी नहीं सकते । पीने केलिए, खाना पकाने केलिए, नहा-धोने केलिए ,खेती करने केलिए हमें पानी की ज़रूरत है । हम मनुष्य ही नहीं , बल्कि पेड़ - पौधे ,जीव-जंतु सब पानी के कारण ही ज़िंदा हैं। दुख की बात यह है कि पानी की अहमियत को जानते हुए भी मनुष्य उसका नाश कर रहा है । वह पानी बरबाद करता है। नदी - नालों और तालाबों में कूडा-कचरा ,प्लास्टिक वगैरह फेंककर उन्हें प्रदूषित करता है । कारखानों का विषैला जल भी हमारे जल-स्रोतों में बहा देता है। यह मनुष्य केलिए ही नहीं, अन्य जीवों केलिए भी खतरनाक होता है ।अत: मनुष्य को जल का संरक्षण करना चाहिए। जल के बिना इस पृथ्वी पर कोई भी जीव ज़िंदा नहीं बचेगा ।

3. कौन- सा प्रस्ताव सही है ?

क) कुतिया बच्चे - बच्ची के पास सो रही है ।

ख) कुतिया पेड़- पौधों के पास सो रही है ।

ग) कुतिया माँ-बाप के पास सो रही है ।

घ) कुतिया चूल्हा- चक्की के पास सो रही है ।

उत्तर - कुतिया चूल्हा- चक्की के पास सो रही है ।

**सूचना : 'अकाल और उसके बाद ' की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद<br>धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद<br>चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद<br>कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद । |

1. 'आँखें चमक उठीं ' का तात्पर्य है -

क) घर के सभी बीमार हुए ।

ख) घर के सभी बेसहारे हो गए ।

ग) घर के सभी दुखी हो गए ।

घ) घर के सभी संतुष्ट हो गए ।

उत्तर - घर के सभी संतुष्ट हो गए ।

.........................

# ठाकुर का कुआँ

**(कहानी - प्रेमचंद )**

**<u>सारांश</u>**

जोखू और गंगी पति-पत्नी हैं। वे निम्न जाति के हैं। जोखू कई दिनों से बीमार है । वह प्यास से परेशान है । घर में पानी है, लेकिन वह बदबूदार है। पिछले दिन शाम को गंगी पानी लायी थी। पर उसमें बू बिलकुल नहीं थी । कुएँ में कोई जानवर गिरकर मर गया होगा । ठाकुर और साहू के घर में दो कुएँ हैं । पर वे निम्न जाति के लोगों को पानी नहीं देंगे। जोखू थोड़ा पानी नाक बंद करके पीने को तैयार हो जाता है । लेकिन गंगी ने पानी नहीं दिया । वह जानती थी कि खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी । इसलिए ठाकुर के कुएँ से पानी लेने केलिए गंगी रात को ठाकुर के कुएँ पर पहुँचती है । वह जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । ठाकुर के दरवाज़े पर दस-पाँच बेफिक्रे वैठे थे । वे ठाकुर की बहादुरी की चर्चा कर रहे थे । गंगी सोचने लगी - चोरी , जाल-फरेब, झूठे मुकदमे आदि सारी बुराइयाँ करने के बावजूद ये लोग अपने आपको ऊँचा क्यों समझते हैं । हम लोग क्यों नीच हैं ? उसका विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा । कुएँ पर किसी के आने की आहट सुनकर वह एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खड़ी हुई। कहीं देख लें तो विपत्ति हो जाएगी। कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आयी थीं। उनमें बातें हो रही थीं कि घर में वे लौंडियाँ जैसे जीती हैं । मर्द लोग उन्हें आराम से बैठने नहीं देते । स्त्रियाँ चली गईं । बेफिक्रे भी चले गए ।ठाकुर दरवाज़ा बंद करके सोने जा रहा था । गंगी सावधानी से घड़ा कुएँ में डाला । दो-चार हाथ जल्दी-जल्दी मारे । घड़ा कुएँ के मुँह तक आ पहुँचा । तभी ठाकुर का दरवाज़ा खुल गया । गंगी घड़ा और रस्सी छोड़कर भाग गई । घर पहुँचकर उसने देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है ।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. जोखू पानी पी नहीं सका। क्यों ?
   क) पानी गरम था ।
   ख) पानी बदबूदार था।
   ग) पानी ठंड़ा था ।
   घ) पानी शुद्ध था।
   उत्तर - पानी बदबूदार था।
2. 'सड़ा पानी' में विशेषण शब्द कौन–सा है
   उत्तर – सड़ा ।

3. गंगी ने जोखू को खराब पानी पीने न दिया । क्यों ?

क) वह जानती थी कि खराब पानी से बीमारी दूर होगी ।

ख) वह जानती थी कि खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी ।

ग) वह जानती थी कि खराब पानी से स्वास्थ्य बढ़ जाएगा ।

घ) वह जानती थी कि खराब पानी से बीमार को राहत मिलेगा।

उत्तर - वह जानती थी कि खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी ।

4. गाँव में किनके घरों में कुएँ है ?

उत्तर- ठाकुर और साहू के ।

5. "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?" यह किसने कहा ?

क) ठाकुर ख) साहू ग) जोखू घ) गंगी

उत्तर – गंगी ।

6. ' कंधा देना ' का अर्थ है -

क) सहायता करना ख) दुखी बनाना ग) काम करना घ) हाथ मिलाना

उत्तर – सहायता करना ।

7. कोष्ठक के शब्दों से विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

( कुप्पी , रोशनी, कुआँ, धुँधली )

उत्तर – धुँधली

8. ' नानी मरना ' का मतलब क्या है ?

( सुखी रहना, खुश होना , मृत्यु होना ,बहुत दुखी होना )

उत्तर – बहुत दुखी होना ।

9. जोखू की हालत कैसी थी ?

उत्तर – जोखू बीमार था । वह प्यास से परेशान था । उसके पास पीने केलिए शुद्ध पानी नहीं था ।

10. गंगी ने जोखू को पानी न दिया । क्यों ?

उत्तर– गंगी जानती थी कि खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी। इसलिए उसने पानी न दिया ।

11. ठाकुर ने महंगू को क्यों मारा ?

उत्तर-

महंगू ने बेगार न दी थी । इसलिए ठाकुर ने महंगू को मारा ।

12. कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

( बीमार, खराब )

गंगी ने पानी न दिया।

गंगी ने जोखू को पानी न दिया ।

.................................................... ।

.............................................................. ।

उत्तर- गंगी ने पानी न दिया।

गंगी ने जोखू को पानी न दिया ।

गंगी ने बीमार जोखू को पानी न दिया ।

गंगी ने बीमार जोखू को खराब पानी न दिया ।

13. नमूने के अनुसार लिखें ।

| | |
|---|---|
| ये चोरी करते हैं । | ये चोरी करें । |
| यह चोरी करता है । | .................. । |

उत्तर- यह चोरी करे ।

14. " कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आयी थीं । उनमें बातें हो रही थीं ।" -इस प्रसग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें ।

ठाकुर का अहाता । रात के नौ बजे ।

[ दो स्त्रियाँ पानी भरने कुएँ की ओर आ रही हैं । दोनों साड़ी पहनी हैं ।उनकी उम्र लगभग तीस – चालीस के बीच है । दोनों बातें कर रही हैं । रात का समय है । ठाकुर के दरवाज़े से कुप्पी की धुँधली रोशनी आ रही है । ]

स्त्री 1 : खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ। घड़े केलिए पैसे नहीं है ।

स्त्री 2 : हम लोगों को आराम से बैठे देखकर जैसे मरदों को जलन होती है ।

स्त्री 1 : हाँ, यह तो न हुआ कि कलसिया उठाकर भर लाते । बस, हुक्म चला दिया कि ताज़ा पानी लाओ,जैसे हम लौंडियाँ ही तो हैं।

स्त्री 2 : लैंडियाँ नहीं तो और क्या हो तुम ?

स्त्री 1 : मत लजाओ, दीदी !

स्त्री 2 : (अपने आप पर व्यंगय करते हुए ) अरे , रोटी-कपड़ा नहीं पातीं ?

दस-पाँच रुपये भी छीन-झपटकर लेती हो । लौंडियाँ कैसी होती हैं !

स्त्री 1 : (दुखी होकर ) छिन भर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है । यहाँ काम करते-करते मर जाओ,पर किसी का मुँह सीधा नहीं होता ।

स्त्री 2 : अरे, दुखी मत हो जाओ। ऐसा एक ज़माना ज़रूर आएगा जब हम भी पुरुषों के समान सिर उठाकर खड़े हो जाएँ ।

(स्त्रियाँ पानी भरकर चली जाती हैं )

15. मान लें, आपके स्कूल में 8 मार्च 2023 को विश्व महिला दिवस में ' वर्तमान समाज में स्त्री -पुरुष असमानता ' विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है । उसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

नवभारत हाई स्कूल नई दिल्ली

**8 मार्च 2023**

**विश्व महिला दिवस**

**संगोष्ठी**

**विषय:वर्तमान समाज में स्त्री -पुरुष असमानता**

**स्कूल सभागृह में**

**सुबह 10 बजे**

सबका हार्दिक स्वागत है ।

हिंदी क्लब , नवभारत हाई स्कूल नई दिल्ली

**परीक्षा के प्रश्न ( नमूने )**

**सूचना -' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं , सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते ।

1. ' सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते ।' क्यों ?

क)जोखू बीमार है । ख) पानी खराब है।

ग) कुआँ दूर है ।          घ) वे नीची जाति के हैं।

उत्तर-       वे नीची जाति के हैं।

2. मान लें, आपके स्कूल में 'जाति प्रथा एक अभिशाप है' विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है । इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

उत्तर-

नवभारत हाई स्कूल नई दिल्ली

# संगोष्ठी

**विषय: जाति प्रथा एक अभिशाप है ।**

**15 मार्च 2023**

**सुबह 10 बजे**

**स्कूल सभागृह में**

सबका हार्दिक स्वागत है ।

हिंदी क्लब , नवभारत हाई स्कूल नई दिल्ली

**अथवा**

सामाजिक असमानता बड़ी समस्या है।' समान अवसर का अधिकार ' विषय पर लघु लेख लिखें ।

<u>समान अवसर का अधिकार</u>

सामाजिक असमानता बड़ी समस्या है । एक स्वस्थ समाज के निर्माण को यह असंभव कर देता है । सभी मनुष्य समान हैं । चाहे उनका रंग, जाति , धर्म, भाषा, लिंग, प्रांत सब अलग हों, समाज में उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए। सभी को रहने केलिए घर, पीने को शुद्ध पानी, अच्छे भोजन और कपड़े मिलने चाहिए। सबको उचित शिक्षा पाने का मौका भी मिलना है । निजी व सरकारी नौकरियों में भी सबको समान अवसर देना है । शासन के क्षेत्र में भी समान अवसर मिलना है । विधान सभाओं और संसद में स्त्रियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए।  समाज के दिव्यांग लोगों को भी ये सब अधिकार मिलने हैं । तभी एक स्वस्थ, सभ्य समाज की सृष्टि होती है और सब की उन्नति भी ।

**सूचना -' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

> कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते ।

1. "हमारी जाति मानव जाति" संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।

*** हमारी जाति मानव जाति है ।**

*** सबको समानता का अधिकार है ।**

*** जातीय असमानता दूर करो ।**

*** यहाँ कोई भी ऊँच या नीच नहीं है ।**

*** जातीयता का नहीं, मानवता का पुजारी बनो ।**

मानवाधिकार संरक्षण समिति , दिल्ली

2. ' मौके का इंतज़ार करना ' - का अर्थ क्या है ?

   क) अवसर का उपयोग करना　　ख) अवसर की योजना करना

   ग) अवसर का दुरुपयोग करना　　घ) अवसर की प्रतीक्षा करना

   उत्तर- अवसर की प्रतीक्षा करना

3. ' रोशनी कुएँ पर आ रही थी। '- यहाँ 'रोशनी' के बदले 'प्रकाश 'का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

   उत्तर- प्रकाश कुएँ पर आ रहा था ।

**सूचना -' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली -"यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है।" कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ। जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा - "पानी कहाँ से लाएगी ?”

1. यहाँ पानी की खराबी दूर करने का क्या उपाय बताया गया है ?

उत्तर- पानी की खराबी दूर करने केलिए उसे उबालना चाहिए ।

2. सही विकल्प चुनकर लिखें ।

क) गंगी बोलता है ।  ख) गंगी बोलते हैं ।

ग) गंगी बोलती है ।  घ) गंगी बोलता हूँ ।

उत्तर - गंगी बोलती है।

3. जोखू ने पूछा - "पानी कहाँ से लाएगी ?"- इस शंका के क्या- क्या कारण हैं ?

उत्तर- जोखू और गंगी निम्न जाति के हैं ।उनके कुएँ का पानी मलिन हो गया है। ठाकुर और साहू के दो कुएँ हैं । लेकिन वे निम्न जाति के लोगों को पानी भरने नहीं देंगे।

4. संकेतों की सहायता से गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

* ठाकुर का कुआँ कहानी का स्त्री पात्र
* पति के स्वास्थ्य का ध्यान रखनेवाली
* आत्मविश्वास दिखानेवाली
* विद्रोही दिलवाली

उत्तर -

## गंगी

' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का स्त्री पात्र है गंगी । वह जोखू की पत्नी है। वह निम्न वर्ग की है । जाति प्रथा के कारण निम्न वर्ग के लोगों को कई यातनाएँ सहनी पड़ती हैं । उन्हें बेगार का काम करना पड़ता है ,मार–पीट झेलनी पड़ती है । उन्हें पीने का पानी तक नहीं मिलता । जब गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने की बात बताती है तब जोखू कहता है , " हाथ–पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा । ब्राह्मण देवता आशीर्वाद देंगे , ठाकुर लाठी मारेंगे ... ..गरीबों का दर्द कौन समझता है !" गंगी इस सामाजिक असमानता का शिकार है । इसलिए उसका मन रिवाज़ी पाबंदियों से विद्रोह करने लगता है। वह सोचती है –हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? ये सब प्रकार की बुराइयाँ करते हैं। फिर भी इनका घमंड़ यह कि हम ऊँच हैं ! अपने बीमार पति की प्यास बुझाने केलिए उसके पास सिर्फ मैला –गंदा पानी ही रहता है । जोखू प्यास के मारे थेड़ा पानी नाक बंद करके पीने को तैयार होता है । लेकिन गंगी उसे बदबूदार पानी पीने नहीं देती। वह अपने पति के स्वास्थ्य का ध्यान रखनेवाली है। उसे कुएँ से दूसरा पानी लाने का आत्मविश्वास है। वह रात को ठाकुर के कुएँ से पानी भरने जाती है । उसे मालूम है कि पकड़ लिया जाए तो उसका क्या हाल होगा । फिर भी वह साहस दिखाती है । इस प्रकार पति से प्यार करनेवाली , सामाजिक कुरीतियों से जूझनेवाली , साहसी नारी है गंगी ।

**सूचना –' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा– हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? यहाँ तो जितने हैं, एक–से–एक छंटे हैं। चोरी ये करें, जाल–फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें । |

1. ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी में चर्चित मुख्य समस्या क्या है ?

   क) नारियों पर अत्याचार     ख) ऊँच–नीच का भेदभाव

   ग)बेकारी     घ) बालविवाह

   उत्तर– ऊँच–नीच का भेदभाव

2. 'हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं' –गंगी के इस विचार पर आपका मत क्या है ?

   उत्तर – सामाजिक जीवन में सब लोग समान हैं । कोई भी ऊँचा या नीचा नहीं है । किसी को जाति के नाम पर भेदभाव सहने का अवसर कभी नहीं होना चाहिए ।

3. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| रिवाज़ी पाबंदियों का | अपराध करते हैं । |
| ऊँच–नीच का भेदभाव | विरोध करना चाहिए। |
| छंटे लोग | सारा गाँव पीता है । |
| ठाकुर के कुएँ का पानी | स्वस्थ समाज का लक्षण नहीं है । |

उत्तर –

| | |
|---|---|
| रिवाज़ी पाबंदियों का | विरोध करना चाहिए। |
| ऊँच–नीच का भेदभाव | स्वस्थ समाज का लक्षण नहीं है । |
| छंटे लोग | अपराध करते हैं । |
| ठाकुर के कुएँ का पानी | सारा गाँव पीता है । |

**सूचना –' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिया करती थी । कुआँ दूर था , बार–बार जाना मुश्किल था। कल वह पानी लाई , तो उसमें बू बिलकुल न थी , आज पानी में बदबू |

कैसी ! लोटा नाक से लगाया , तो सचमुच बदबू थी । ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा , मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ?

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

   क) लोटे में गंदा जल भरा था ।

   ख) लोटे में साफ़ जल भरा था।

   ग) लोटे में मीठा जल भरा था।

   घ) लोटे में गरम जल भरा था।

   उत्तर – लोटे में गंदा जल भरा था ।

2. ' मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? ' – यहाँ जोखू की किस हालत की ओर संकेत है ?

   उत्तर– जोखू निम्न जाति का है । ठाकुर और साहू अपने कुएँ से निम्न जाति के लोगों को पानी भरने न देंगे । जोखू पानी केलिए तरस रहा है । निम्न जाति के होने के कारण उसे पीने का पानी भी नहीं मिलता ।

3. मान लें, 'कोई जानवर गाँव के कुएँ में गिरकर मर गया है ।' गाँववालों केलिए यह बड़ी मुसीबत की बात है । इसपर समाचार पत्र केलिए एक रपट लिखें ।

   उत्तर–

**पीने का पानी नहीं , गाँववाले मुसीबत में**

लमही : गाँव के कुएँ का पानी मलिन हो जाने की वजह से गाँववाले पीने के पानी केलिए इधर–उधर भाग रहे हैं । कुएँ का पानी बदबूदार है , उसका उपयोग नहीं कर सकते । लोगों के अनुसार कल शाम तक कोई समस्या नहीं थी , उसके बाद कोई जानवर गिरकर मर गया होगा । अब कुआँ साफ़ करने के बाद ही पानी भर सकते हैं । गाँववालों केलिए यह बड़ी मुसीबत की बात है । यहाँ के ज़्यादातर लोग निम्न वर्ग के मज़दूर हैं । उन्हें पानी लेने का एकमात्र सहारा यही कुआँ था। गाँववालों की माँग यह है कि तुरंत उन्हें पीने का पानी पहुँचाने का कदम उठाया जाए ।

**सूचना –' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

ठाकुर ' कौन है ,कौन है ? ' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है।

1. गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी नहीं ले सकती थी। क्यों ?

क) ठाकुर के कुएँ का पानी गंदा था ।  ख) ठाकुर के कुएँ में जानवर मरा पड़ा था।
ग) गंगी निम्न जाति की मानी जाती थी ।  घ) ठाकुर का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है।

उत्तर – गंगी निम्न जाति की मानी जाती थी ।

2. ' **जोखू** ' के स्थान पर ' **गंगी** ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

जोखू गंदा पानी पी रहा है ।
गंगी गंदा पानी ...............।

उत्तर – गंगी गंदा पानी पी रही है ।

3. गंगी पानी लिए बिना घर आती है । तब जोखू मैला–गंदा पानी पी रहा था। इस प्रसंग पर गंगी और जोखू के बीच की संभावित बातचीत लिखें ।

उत्तर–

गंगी : अरे, आपने यह गंदा पानी पिया ?
जोखू : क्या करूँ ? अभी तक तुम्हारी राह देखता रहा । फिर थोड़ा पानी नाक बंद करके पी रहा था । तभी तो तुम आ गयी ।
गंगी : क्या आपको मालूम नहीं, खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी ।
जोखू : मारे प्यास के रहा नहीं जाता था । गला सूख रहा था ..... लाओ , थोड़ा ताज़ा पानी पिला दो ।
गंगी : ठाकुर के कुएँ से पानी नहीं भर पाई ।
जोखू : क्यों ?
गंगी : घड़ा कुएँ के मुँह तक आ पहुँचा था । लेकिन ... ..
जोखू : फिर क्या हुआ ?
गंगी : तभी ठाकुर का दरवाज़ा खोला गया। ठाकुर कुएँ की तरफ़ आ रहे थे । डर के मारे घड़ा छोड़कर मैं भागी आयी ।
जोखू : मैंने कहा था तुमसे । वे लोग नहीं देंगे । गरीबों का दर्द कौन समझता है ?

**सूचना –' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते । |

1. ' सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते । ' यहाँ बदनसीब कौन हैं ?

क) निम्न जाति के लोग   ख) साहू लोग

ग) ठाकुर लोग   घ) ज़मींदार लोग

उत्तर – निम्न जाति के लोग

2. 'इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है ।' किस कुएँ का ?

उत्तर – ठाकुर के कुएँ का ।

3. यह प्रसंग किस सामाजिक व्यवस्था की ओर संकेत करता है ? स्पष्ट करें ।

उत्तर –

यह प्रसंग जाति प्रथा की ओर संकेत करता है । यह एक सामाजिक कुरीति है । इस सामाजिक व्यवस्था में ऊँच–नीच का भेदभाव होता है । जो लोग निम्न जाति के माने जाते हैं उन्हें कई यातनाएँ सहनी पड़ती हैं । छुआछूत के कारण उन्हें ऊँची जाति के लोगों से दूर रहना पड़ता है ।

4. नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें ।

| | |
|---|---|
| गंगी इंतज़ार करने लगी । | जोखू इंतज़ार करने लगा । |
| रोशनी कुएँ पर आने लगी । | प्रकाश कुएँ पर .................. । |

उत्तर–

| | |
|---|---|
| गंगी इंतज़ार करने लगी । | जोखू इंतज़ार करने लगा । |
| रोशनी कुएँ पर आने लगी । | प्रकाश कुएँ पर आने लगा । |

5. ' जाति प्रथा अभिशाप है ' का संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें ।

*** जाति प्रथा अभिशाप है ।**

*** जातीय असमानता को समाप्त करें ।**

*** जाति के नाम पर अत्याचार न करें ।**

*** सबको समानता का अधिकार है ।**

*** ऊँच-नीच का भेदभाव छोड़ें ।**

*** एक देश एक जनता ।**

मानवाधिकार संरक्षण समिति , दिल्ली

**सूचना –' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

> जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा - " पानी कहाँ से लाएगी ?" "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?" "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से । ब्राह्मण - देवता आशीर्वाद देंगे , ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है !"

1. "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?"- यह किसका कथन है ?

   उत्तर– गंगी का ।

2. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें ।

   जोखू का घर । शाम का समय ।

   [ जोखू चारपाई पर बैठा है । वह एक बनीयान और लुंगी पहना है । वह बीमार है । उसकी उम्र चालीस – पच्चास के बीच है । पास ही उसकी पत्नी गंगी खड़ी है। चालीस बरस की औरत । वह फटी –पुरानी साड़ी पहनी है । उसके हाथ में एक लोटा है । ]

   जोखू : (गंगी की ओर देखकर ) ला, थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँ ।

   गंगी : यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन जानवर मरा है । कुएँ से दूसरा पानी लाए देती हूँ ।

   जोखू : (आश्चर्य से ) पानी कहाँ से लाएगी ?

   गंगी : ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?

   जोखू : हाथ - पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण - देवता आशीर्वाद देंगे , ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है !

   ( गंगी चुप खड़ी हो जाती है । जोखू खिड़की से बाहर की ओर देखता रहता है । थोड़ी देर के लिए खामोशी छा जाती है । फिर गंगी घर के अंदर चली जाती है ।)

..................

# बसंत मेरे गाँव का

**लेख – मुकेश नौटियाल**

## लेख का सारांश

हिंदी के आधुनिक लेखकों में प्रमुख श्री मुकेश नौटियाल का एक लेख है 'बसंत मेरे गाँव का' । उत्तराखंड के पंचाचूली और चौखंभा पर्वतों के बीच में नंदा पर्वत स्थित है । सूरज पंचाचूली से नंदा पर्वत तक पहूँचने पर वहाँ बसंत बौराने लगता है । बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है । फूलदेई का त्योहार बच्चों का त्योहार है । देर शाम तक बच्चे फूल तोड़ते हैं । अगली सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ ये फूल लेकर गाँव भर में घूमती हैं । चुने गए फूल घरों की देहरियों पर सजाए जाते हैं । जिनके घरों में फूल सजाए जाते हैं, वे बच्चों को चावल, गुड, दाल आदि देते हैं । इक्कीस दिन तक यह प्रक्रिया चलती रहती है। अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है । इस आयोजन में बडों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है । सब काम बच्चे ही करते हैं । इस अवसर पर परंपरागत रूप से चैती गीत गानेवाले औजी भी गाँव में आते हैं, गीत गाते हैं । जब ठंड का मौसम आता है, तब बर्फीले इलाकों से पशुचारक अपने जानवरों के साथ निचले इलाकों की ओर आते हैं । आते समय वे हिमालयी जड़ी और औषधियाँ बेचते हैं । लेकिन नकद–उधार के आंकडे कहीं लिख नहीं रखते हैं । आपसी विश्वास पर ही यह लेन– देन चल रहा है । गर्मी आते ही पहाड़ी सड़क तीर्थयात्रियों की गाड़ियों से भर जाती है । बद्रीनाथ, केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि स्थानों पर जानेवाले यात्री इस गाँव से होकर जाते हैं । जब तक हिमालय रहेगा, ऋतुचक्र भी चलता ही रहेगा ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. बसंत मेरे गाँव का – किस विधा की रचना है ?

   उत्तर–लेख ।

2. 'बसंत मेरे गाँव का ‘– लेख का लेखक कौन है ?

   उत्तर–मुकेश नौटियाल ।

3. मकर सेक्रांति के बाद सूरज किस पर्वत की तरफ़ जाता है ?

   उत्तर–चौखंभा पर्वत की तरफ़ ।

4. चुने गए फूलों की टोकरियों को पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है । क्यों ?

उत्तर–पानी से भरी गागरों के ऊपर रखने पर फूल सुबह तक मुरझा न पाए ।

5. फूलदेई त्योहार कितने दिन का त्योहार है ?
   उत्तर–इक्कीस दिन का त्योहार है ।
6. फूलदेई त्योहार में बड़ों की भूमिका क्या है ?
   उत्तर–फूलदेई त्योहार में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित है ।
7. उत्तराखंड़ के हिमालयी अंचल के बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार कौन–सा है ?
   उत्तर–फूलदेई त्योहार ।
8. बद्रीनाथ और केदारनाथ के मुख्य पूजारी कहाँ से नियुक्त होते हैं ?
   दक्षिण भारत से ।
9. घरों की देहरियों पर फूल सजाने पर घरवाले बच्चों को क्या – क्या देते हैं ?
   घरवाले बच्चों को चावल, गुड, दाल आदि देते हैं ।
10. उत्तराखंड़ के हिमालयी अंचल में फूलदेई को बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार मानते हैं । क्यों ?
    उत्तर–फूलदेई त्योहार में फूल चुनने से लेकर सामूहिक भोज तक के सभी कार्यों का आयोजन बच्चे ही करते हैं । इसलिए फूलदेई को बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार मानते हैं ।
11. पशुचारक गाँवों में क्या– क्या बेचते हैं ?
    उत्तर–पशुचारक जानवरों के साथ साथ कीड़ाजड़ी, करण, चुरु जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी और औषधियाँ बेचते हैं ।
12. पशुचारक क्यों लेन– देन की नकद– उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं करते हैं ?
    उत्तर–गाँव वालों से इनका सदियों का रिश्ता है । आपसी विश्वास के दम पर वे नकद उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं करते हैं ।
13. जब तक हिमालय रहेगा, ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा । इसका क्या तात्पर्य है ?
    उत्तर–हिमालय और ऋतुओ के बदलने में घना संबंध है। इसलिए ऐसा कहा गया है ।

14.सही मिलान करें । 1.

| | |
|---|---|
| पंचाचूली | पंचाचूली और चौखंभा के ऐन बीच में । |
| चौखंभा | फूलदेई त्योहार को लेकर आता है । |
| नंदा पर्वत | चार शिखरों वाला । |
| बसंत ऋतु | पाँच बर्फीली चोटियाँ । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| पंचाचूली | पाँच बर्फीली चोटियाँ । |
| चौखंभा | चार शिखरों वाला । |
| नंदा पर्वत | पंचाचूली और चौखंभा के ऐन बीच में । |
| बसंत ऋतु | फूलदेई त्योहार को लेकर आता है । |

2.

| | |
|---|---|
| फ्योंली का फूल | पहाड़ों पर लालिमा फैलाता है । |
| बुराँस का फूल | गेहूँ की हरियाली फैली है । |
| सीढ़ीनुमा खेतों में | बाँस की एक प्रजाति |
| रिंगाल | पीला फूल |

उत्तर

| | |
|---|---|
| फ्योंली का फूल | पीला फूल |
| बुराँस का फूल | पहाड़ों पर लालिमा फैलाता है । |
| सीढ़ीनुमा खेतों में | गेहूँ की हरियाली फैली है । |
| रिंगाल | बाँस की एक प्रजाति |

3.

| | |
|---|---|
| टोकरियों को रात भर | ऋतुओं के बतलने का उल्लास भी रहेगा । |
| फूलदेई त्योहार | पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है । |
| अंतिम दिन में | इक्कीस दिन तक का त्योहार । |
| बड़ों की भूमिका | सामूहिक भोज बनाया जाता है । |
| जब तक हिमालय रहेगा | सलाह देने तक सीमित है । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| टोकरियों को रात भर | पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है । |
| फूलदेई त्योहार | इक्कीस दिन तक का त्योहार । |
| अंतिम दिन में | सामूहिक भोज बनाया जाता है । |
| बड़ों की भूमिका | सलाह देने तक सीमित है । |
| जब तक हिमालय रहेगा | ऋतुओं के बतलने का उल्लास भी रहेगा । |

15. **वाक्य पिरमिड़ की पूर्ती करें ।**

1. **( गाँव भर में, पौ फटते ही )**

| |
|---|
| टोलियाँ घूमती है । |
| बच्चों की टोलियाँ घूमती है । |
| ................................................................ |
| ..................................................................................... |

उत्तर

| |
|---|
| टोलियाँ घूमती है । |
| बच्चों की टोलियाँ घूमती है । |
| बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती है । |
| पौ फटते हीबच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती है । |

2. ( आपसी विश्वास के, वर्षों से )

| |
|---|
| लेन देन चल रहा है । |
| दम पर लेन देन चल रहा है । |
| ................................................................... |
| ..................................................................................<br>........ |

उत्तर

| |
|---|
| लेन देन चल रहा है । |
| दम पर लेन देन चल रहा है । |
| आपसी विश्वास के दम पर लेन देन चल रहा है । |
| आपसी विश्वास  के दम पर वर्षों से लेन देन चल रहा है । |

3. ( बड़े,  आयोजन में )

| |
|---|
| लोग सलाह देते हैं । |
| बच्चों को लोग सलाह देते हैं । |
| .................................................................... |
| ............................................................................... ...... |

उत्तर

| |
|---|
| लोग सलाह देते हैं । |
| बच्चों को लोग सलाह देते हैं । |
| बच्चों को बड़े लोग सलाह देते हैं । |
| आयोजन में बच्चों को बड़े लोग सलाह देते हैं । |

4. ( फूलों को, खास तरह की )

| |
|---|
| टोकरियों में रखा जाता है । |
| रिंगाल से बनी टोकरियों में रखा जाता है । |
| ........................................... |
| ...................................................................... |

उत्तर

| |
|---|
| टोकरियों में रखा जाता है । |
| रिंगाल से बनी टोकरियों में रखा जाता है । |
| फूलों को रिंगाल से बनी टोकरियों में रखा जाता है । |
| फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है । |

5. ( सरसों की, पहाड़ी )

| |
|---|
| पीलाई पसर जाती है । |
| ढलानों पर पीलाई पसर जाती है । |
| ............................................................. |
| .................................................................................. |

उत्तर–

| |
|---|
| पीलाई पसर जाती है । |
| ढलानों पर पीलाई पसर जाती है । |
| ढलानों पर सरसों की पीलाई पसर जाती है । |
| पहाड़ी ढलानों पर सरसों की पीलाई पसर जाती है । |

**6. (शानदार, बुराँस के )**

| |
|---|
| फूल लालिमा बिछा देते हैं । |
| फूल पहाड़ों पर लालिमा बिछा देते हैं । |
| .......................................................... |
| ............................................................................... |

उत्तर–

| |
|---|
| फूल लालिमा बिछा देते हैं । |
| फूल पहाड़ों पर लालिमा बिछा देते हैं । |
| फूल पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा देते हैं । |
| बुराँस के फूल पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा देते हैं । |

7. ( ऊँचे , हिमालय )

| |
|---|
| बुराँस चटकने लगते हैं । |
| शिखरों पर बुराँस चटकने लगते हैं । |
| ............................................... |
| ............................................................................... |

उत्तर–

| |
|---|
| बुराँस चटकने लगते हैं । |
| शिखरों पर बुराँस चटकने लगते हैं । |
| हिमालय शिखरों पर बुराँस चटकने लगते हैं । |
| ऊँचे हिमालय शिखरों पर बुराँस चटकने लगते हैं । |

16. सही विकल्प चुनकर लिखें ।

1.

| | | | |
|---|---|---|---|
| जो + को = जिनके | जो + के = जिनके | जो + का = जिनके | जो + की = जिनके |

उत्तर : जो + के = जिनके

2.

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं + के = मुझे | मैं + का = मुझे | मैं + को = मुझे | मैं + की = मुझे |

उत्तर : मैं + को = मुझे

3.

| | | | |
|---|---|---|---|
| वह + के = उसको | वह + को = उसको | वह + का = उसको | वह + की = उसको |

उत्तर :वह + को = उसको

4.

| | | | |
|---|---|---|---|
| वे + के = उन्होने | वे + ने = उन्होने | वे + से = उन्होने | वे + को = उन्होने |

उत्तर : वे + ने = उन्होने

5.

| | | | |
|---|---|---|---|
| तुम + के = तुम्हारा | तुम + का = तुम्हारा | तुम + को = तुम्हारा | तुम + की = तुम्हारा |

उत्तर : तुम + का = तुम्हारा

6.

| | | | |
|---|---|---|---|
| यह + से = इससे | यह + ने = इससे | यह + का = इससे | यह + की = इससे |

उत्तर : यह + से = इसस

17. सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| बौराना | ..................................... |
| पौ फटना | ....................................... |
| सलाह देना | .................................... |
| पसर जाना | .................................... |

उत्तर

| | |
|---|---|
| बौराना | उन्मत्त होना |
| पौ फटना | प्रभात होना |
| सलाह देना | उपदेश देना |
| पसर जाना | फैल जाना |

18. उत्तराखंड़ के हिमालयी अंचल में फूलदेई का त्योहार मनानेवाला है। इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

**फूलदेई त्योहार**

**उत्तराखंड का त्योहार**

**बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार**

**सामूहिक भोज**

**चैती गीत**

**पर्यटन विभाग , उत्तराखंड़**

**परीक्षा के प्रश्न (नमूने )**

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढें और 1 से 2 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

सूरज पंचाचूली से खिसककर जब नंदापर्वत तक पहूँचा है तो पहाड़ों में फ्यूँली के पीले फूल खिलने लगते हैं । पहाड़ी ढलानों पर खूबसूरती से कटे सीढ़ीनुमा खेतों में गेहूँ की हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती है ।

1. सरसों के फूलों का रंग क्या है ?

   क) हरा    ख) नीला    ग) पीला    घ) सफ़ेद

   उत्तर– पीला

2. वाक्य पिरमिड की पूर्ती करें ।

| |
|---|
| फूल खिलते हैं । |
| ........................................ |
| ............................................................... |
| पहाड़ों में खूबसूरत पीले फूल खिलते हैं । |

उत्तर

| |
|---|
| फूल खिलते हैं । |
| खूबसूरत फूल खिलते हैं । |
| पहाडों में खूबसूरत फूल खिलते हैं । |
| पहाडों में खूबसूरत पीले फूल खिलते हैं । |

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढें और 1 से 2 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| बसंत फूलदेई त्योहार लेकर आता है । देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं । इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है । टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ । |

1. फूलदेई त्योहार किस ऋतु में मनाया जाता है ?

   उत्तर–बसंत ऋतु में ।

2. सही विकल्प चुनकर लिखें ।

   क) बच्चा फूल चुनती है ।  ख) बच्चा फूल चुनते हैं ।

   ग) बच्चा फूल चुनता है ।  घ) बच्चा फूल चुनते हो ।

   उत्तर – बच्चा फूल चुनता है ।

3. कोष्ठक के शब्दों से पिरमिड की पूर्ती करें ।

   ( खुशी से , गाँव–गाँव में )

| |
|---|
| टोलियाँ खूमती हैं । |
| बच्चों की टोलियाँ खूमती हैं । |
| ................................................ |
| ................................................................... |

उत्तर –

| |
|---|
| टोलियाँ खूमती हैं । |
| बच्चों की टोलियाँ खूमती हैं । |
| खुशी से बच्चों की टोलियाँ खूमती हैं । |
| खुशी से बच्चों की टोलियाँ गाँव–गाँव में खूमती हैं । |

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

फूलदेई की विदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है । अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है । इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है । बाकी सारे काम बच्चे करते हैं । उत्तराखंड़ के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्योहार नहीं है ।

1. फूलदेई किसका त्योहार है ?
   क) बड़ों का ख) स्त्रियों का ग) युवकों का घ) बच्चों का
   उत्तर – बच्चों का
2. सामूहिक भोज के आयोजन में बड़ों की क्या भूमिका है ?
   उत्तर – सामूहिक भोज के आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है ।
3. हरिद्वार में फूलदेई का त्योहार समाप्त हो गया । इसकपर एक रपट तैयार करें ।
   उत्तर–

## <u>फूलदेई त्योहार मनाया गया</u>

हरिद्वार : हरिद्वार में इक्कीस दिनों का फूलदेई का त्योहार मनाया गया । यह पूर्ण रूप से बच्चों का त्योहार है । इसमें बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित है । बच्चे देर शाम तक फूल चुनते हैं । अगले दिन गाँव के घरों की देहरियाँ चुने गये फूलों से सजाते हैं । घरवाले बच्चों को दक्षिणा के रूप में दाल, चावल, गुड़ आदि देते हैं । कल त्योहार का इक कीसवाँ दिन था । इकट्ठी की गयी सामग्रियों से बच्चों ने सामूहिक भोज बनाया । चैती गीत गानेवाले लोग भी आए । उत्तराखंड़ के बच्चों ने फूलदेई का त्योहार धूमधाम से मनाया ।

..............................

# दिशाहीन दिशा

**यात्रावृत्त –(मोहन राकेश)**

**<u>यात्रावृत्त का सारांश</u>**

हिंदी साहित्य के प्रमुख साहित्यकार श्री मोहन राकेश की एक यात्रावृत्त है 'दिशाहीन दिशा' । लेखक कोई बनी हुई रूपरेखा के बिना यात्रा करते हैं । उन्होने अपनी नौकरी छोड़ दी और मिले पैसे लेकर यात्रा करना शुरू किया । बंबई होता हुआ गोआ और वहाँ से कन्याकुमारी जाने का निश्चय किया । उन्नीस सौ बावन दिसंबर पच्चीस को उन्होने यात्रा शुरु की । लेकिन वह यात्रा भोपाल तक ही थी, क्योंकि भोपाल में उनका मित्र अविनाश आया और उनकी चीज़ें लेकर उतर गया । उनको भी वहाँ उतरना पड़ा । रात को ग्यारह के बाद दोनों घूमते हुए भोपाल ताल पहूँचे । वहाँ से नाव लेकर ताल के बीचों बीच गए और वहाँ से गाना सुनने की आशा प्रकट की । बूढे मल्लाह ने गज़ल सुना दी । तीसरी गज़ल के बाद वह खामोश हो गया । सर्दी बढ़ जाने के कारण लौट जाने केलिए तैयार हो गया । तब अविनाश ने अपनी कोट उतारकर मल्लाह को दिया और गालिब की गज़ल सुनाने को कहा । वह खुशी से सुनाने लगा ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. 'दिशाहीन दिशा' किसकी यात्रावृत्त है ?
   उत्तर–मोहन राकेश की ।
2. 'दिशाहीन दिशा' किस विधा की रचना है ?
   उत्तर–यात्रावृत्त
3. लेखक का मित्र कौन है ?
   उत्तर–अविनाश ।
4. लेखक और अविनाश को किसने गज़ल सुनायी ?
   उत्तर–अब्दुल जब्बार ।
5. रात को लेखक अविनाश के साथ कहाँ गया ?
   उत्तर–भोपाल ताल गया ।

6. बूढ़ा अब्दुल जब्बार क्यों लौट जाने को तैयार हुआ ?
उत्तर–सर्दी बढ़ गयी और वह अपने साथ चादर नहीं लाया । इसलिए वह लौट जाने को तैयार हुआ ।

7. बनी हुई रूपरेखा के बिना कौन यात्रा करता है ?
उत्तर–मोहन राकेश

8. समुद्र तट के प्रति किसके मन में आकर्षण था ?
उत्तर–मोहन राकेश के मन में ।

9. लेखक को सबसे अधिक आत्मीयता किस स्थान से है ?
उत्तर–कन्याकुमारी से ।

10. 'शायराना' का मतलब क्या है ?
उत्तर–कवि के समान

11. अविनाश ने कोट उतारकर मल्लाह को दे दिया । क्यों ?
उत्तर–सर्दी बढ जाने के कारण अविनाश ने अपना कोट उतारकर मल्लाह को दे दिया ।

12. " गालिब की चीज़" का तात्पर्य क्या है ?
उत्तर–गालिब की गज़ल

13. 'खामोश हो जाना' – से क्या तात्पर्य है ?
उत्तर–मौन हो जाना

14. सही मिलान करें ।

1.

| | |
|---|---|
| मोहन राकेश की बड़ी इच्छा थी | मोहन राकेश समुद्र–तट की यात्रा न कर सके । |
| समय और साधन की कमी से | मोहन राकेश ने यात्रा करने का निश्चय किया । |
| हाथ में पैसा आने पर | कन्याकुमारी चला जाऊँ । |
| मोहन राकेश ने पहले सोचा था | वहाँ जीवन बहुत सस्ता है । |
| गोआ इसलिए हम जा सकते हैं | समुद्र तट का सफ़र करें । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| मोहन राकेश की बड़ी इच्छा थी | समुद्र तट का सफ़र करें। |
| समय और साधन की कमी से | मोहन राकेश समुद्र–तट की यात्रा न कर सके। |
| हाथ में पैसा आने पर | मोहन राकेश ने यात्रा करने का निश्चय किया। |
| मोहन राकेश ने पहले सोचा था | कन्याकुमारी चला जाऊँ। |
| गोआ इसलिए हम जा सकते हैं | वहाँ जीवन बहुत सस्ता है। |

2.

| | |
|---|---|
| बूढ़े मल्लाह ने | समुत्र तट की यात्रा पसंद करते हैं। |
| अविनाश | गज़ल छेड़ दी। |
| मोहन राकेश | दैनिक का संपादक। |

उत्तर

| | |
|---|---|
| बूढ़े मल्लाह ने | गज़ल छेड़ दी। |
| अविनाश | दैनिक का संपादक। |
| मोहन राकेश | समुद्र–तट की यात्रा पसंद करते हैं। |

3.

| | |
|---|---|
| मन हो आना | आवाज़ मीठी थी। |
| गला काफी अच्छा था | प्रस्तुत करना |
| अर्ज करना | इच्छा होना |
| अंदर से धकेल रहना | पेश करना |
| लौट चलना | प्रेरित होना |
| छेड़ देना | वापस जाना |

उत्तर

| | |
|---|---|
| मन हो आना | इच्छा होना |
| गला काफी अच्छा था | आवाज़ मीठी थी । |
| अर्ज करना | पेश करना |
| अंदर से धकेल रहना | प्रेरित होना |
| लौट चलना | वापस जाना |
| छेड़ देना | प्रस्तुत करना |

15. वाक्य पिरमिड़ की पूर्ती करें ।

1. ( भोपाल ताल, घूमकर )

| |
|---|
| हम पहूँचे । |
| हम ताल के पास पहूँचे । |
| ........................................ |
| ............................................................ |

उत्तर

| |
|---|
| हम पहूँचे । |
| हम ताल के पास पहूँचे । |
| हम भोपाल ताल के पास पहूँचे । |
| हम घूमकर भोपाल ताल के पास पहूँचे । |

2. ( चुस्त, बूढ़े )

| |
|---|
| गज़ल छेड़ दी । |
| मल्लाह ने गज़ल छेड़ दी । |
| ...................................... |
| ............................................................ |

उत्तर

| |
|---|
| गज़ल छेड़ दी । |
| मल्लाह ने गज़ल छेड़ दी । |
| मल्लाह ने चुस्त गज़ल छेड़ दी । |
| बूढ़े मल्लाह ने चुस्त गज़ल छेड़ दी । |

16. नमूने के अनुसार बदलकर लिखिए

1.

| | |
|---|---|
| मैं सीधे कन्याकुमारी चला जाऊँगा । | मैं सीधे कन्याकुमारी चला जाऊँ । |
| मैं एक लंबी यात्रा करूँगा । | ..................................... |

उत्तर

| | |
|---|---|
| मैं सीधे कन्याकुमारी चला जाऊँगा । | मैं सीधे कन्याकुमारी चला जाऊँ । |
| मैं एक लंबी यात्रा करूँगा । | मैं एक लंबी यात्रा करूँ । |

2.

| | |
|---|---|
| अब हम लौट चलेंगे । | अब हम लौट चलें । |
| अब मैं लौट चलूँगा । | ............................... |

उत्तर

| | |
|---|---|
| अब हम लौट चलेंगे । | अब हम लौट चलें । |
| अब मैं लौट चलूँगा । | अब मैं लौट चलूँ । |

3.

| | |
|---|---|
| अब मैं एक गज़ल सुनाऊँगा । | अब मैं एक गज़ल सुनाऊँ । |
| वह एक गज़ल सुनाएगा । | .............................. |

उत्तर

| | |
|---|---|
| अब मैं एक गज़ल सुनाऊँगा । | अब मैं एक गज़ल सुनाऊँ । |
| वह एक गज़ल सुनाएगा । | वह एक गज़ल सुनाए । |

17. सही वाक्य चुनकर लिखें

| | |
|---|---|
| मल्लाह गज़लें सुनाने लगा । | मल्लाह गज़लें सुनाना लगी । |
| मल्लाह गज़लें सुनाने लगी । | मल्लाह गज़लें सुनाना लगे । |

उत्तर :मल्लाह गज़लें सुनाने लगा ।

**18. चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।**

| |
|---|
| अब्दुल जब्बार भोपाल ताल में नाव खेता है । |
| अब्दुल जब्बार गज़ल सुनाने को तैयार नहीं हुआ । |
| मोहन राकेश अपने सूटकेस लिए नीचे उतर गया । |
| मोहन राकेश अविनाश के साथ भोपाल ताल घूमने गया। |
| अब्दुल जब्बार के गायन में मोहन राकेश और अविनाश लीन हो गये । |
| मोहन राकेश एक दैनिक का संपादक है । |
| मोहन राकेश ने बनी हुई रूपरेखा के अनुसार यात्रा की । |
| नौकरी छोड़ने के बाद मोहन राकेश ने तुरंत यात्रा करने का निश्चय किया । |

**अत्तर :**

1. अब्दुल जब्बार भोपाल ताल में नाव खेता है ।
2. मोहन राकेश अविनाश के साथ भोपाल ताल घूमने गया ।
3. अब्दुल जब्बार के गायन में मोहन राकेश और अविनाश लीन हो गये ।
4. नौकरी छोड़ने के बाद मोहन राकेश ने तुरंत यात्रा करने का निश्चय किया ।

**19.** बूढे मल्लाह अब्दुल जब्बार की चरित्रगत विशेषता पर टिप्पणी तैयार करें ।

मोहन राकेश की यात्रावृत्त 'दिशाहीन दिशा' का एक प्रभावशाली पात्र है बूढा मल्लाह अब्दुल जब्बार । वह भोपाल ताल में नाव चलाकर जीता है । वह सादा जीवन बितानेवाला एक गरीब आदमी है । रात–दिन मेहनत करनेवाला अब्दुल जब्बार अच्छा

गज़ल गायक भी है । उनके गायन में लेखक और मित्र अविनाश विलीन हो गए थे और वातावरण तक भूल गए थे । सर्दी के मौसम होने पर भी विनयशील अब्दुल जब्बार एक तहमद लगाए आया था । अविनाश गाना सुनने की आशा प्रकट करने पर " मैं गा तो नहीं सकता, हुज़ूर  मगर आप चाहें तो चंद गज़लें तरन्नुम के साथ अर्ज कर सकता हूँ । " ऐसा कहकर गाना शुरू करता है । अंत में गालिब की चीज़ भी पेश करने को वह तैयार हो गया । गज़ल गायक अब्दुल जब्बार ने लेखक और मित्र के उस रात को अविस्मरणीय बनाया ।

**परीक्षा के प्रश्न(नमूने)**

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा का अंश पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| रात को ग्यारह के बाद हम लोग घूमने निकले । घूमते हुए भोपाल ताल के साथ पहूँचे तो मन हो आया कि नाव लेकर कुछ देर झील की सैर की जाए । |

1. **इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।**

स्थान : भोपाल ताल

समय : साढ़े ग्यारह बजे

पात्र : मोहन राकेश , अविनाश , अब्दुल जब्बार

[ भोपाल ताल में नाव खेते हुए साठ साल का बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार दिख रहा है । नाव में पचास बरस के लेखक मोहन राकेश और लेखक का मित्र अविनाश भी बैठे हैं । मल्लाह सिर्फ तहमद पहना हुआ है । लेखक और अविनाश कोट पहने हैं । अविनाश गाना सुनने की आशा प्रकट करने पर बूढ़ा मल्लाह गज़लें सुनाना शुरू किया । ]

मोहन राकेश : अविनाश, हम इस नाव पर ताल के उस ओर जाएँ ?

अविनाश : ज़रूर, मैं तैयार हूँ ।

अब्दुल जब्बार : तो आइए , हम जाएँ ।

अविनाश : अब एक गाना भी हो तो अच्छा होगा ।

अब्दुल जब्बार : मैं गा तो नहीं सकता हुज़ूर ।

अविनाश : तो क्या करें ?

अब्दुल जब्बार : मगर आप चाहे तो गज़लें अर्ज कर सकता हूँ ।

अविनाश और<br>मोहन राकेश : ज़रूर, सुनाओ ।

2. रात को कितने बजे के बाद लेखक और मित्र घूमने निकले ?
( दस , ग्यारह , सात , तीन )
उत्तर– ग्यारह

3. मोहन राकेश को भोपाल में घूमने का अवसर मित्र अविनाश के कारण मिला था । भोपाल के अनुभव उनकेलिए अनमोल थे । इसपर धन्यवाद देते हुए मोहन राकेश ने अविनाश को पत्र लिखा । संभावित पत्र लिखें ।

* भोपाल स्टैशन पर स्वीकार करना ।
* रात को घूमने निकलना ।
* नाव में भोपाल ताल की सैर ।
* बूढे मल्लाह का गज़ल गायन ।

अमृतसर
25–05–1950

प्रिय अविनाश,

आप कैसे हैं ? घर में सब कुशल है न ? कैसी यात्रा थी वह, जो मैंने आपके साथ की । मैं आपको शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ क्योंकि भोपाल स्टेशन पर तुम नहीं आते तो ऐसा अवसर मुझे कभी नहीं मिलता । भोपाल ताल में घूमना , बूढे मल्लाह अब्दुल जब्बार की गज़लें सुनना , सब अविस्मरणीय थे। मैं वह गज़ल गायक अब्दुल जब्बार को कभी भूल नहीं सकता । उसका व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली था । एक बार भी उसका गज़ल सुनने की आशा करता हूँ । आपके जवाब की प्रतीक्षा करते हुए .....।

आपका मित्र
हस्ताक्षर
मोहन राकेश

सेवा में,
नाम
पता

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा का अंश पढें और 1 से 2 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| बूढे मल्लाह ने एक गज़ल छेड़ दी। उसका गला काफ़ी अच्छा था और सुनाने का अंदाज़ भी शायराना था। |

1. बूढा मल्लाह गज़ल सुनाता है। – इसमें विशेषण शब्द कौन–सा है ?
   (मल्लाह , गज़ल , बूढा , सुनाता है )
   उत्तर – बूढ़ा
2. " शायराना " का तात्पर्य क्या है ?
   ( कवि के समान , दोस्त के समान , मल्लाह के समान , प्रकृति के समान )
   उत्तर – कवि के समान
3. मल्लाह अब्दुल जब्बार लौटने को क्यों कहता है ?
   (सर्दी होने से , बारिश होने से , भूख लगने से , अंधेरा होने से )
   उत्तर – सर्दी होने से
4. " खामोश हो जाना " से क्या तात्पर्य है ?
   ( मौन होना , वापस जाना , चला जाना , लेट जाना )
   उत्तर – मौन होना
5. मल्लाह के खामोश हो जाने का क्या प्रभाव लेखक पर पड़ा ?
   उत्तर –लेखक और मित्र अविनाश बूढे मल्लाह के गायन में विलीन हो गए थे। गज़ल सुनते समय अंधेरा, सर्दी, नाव का हिलना आदि का अनुभव नहीं हो रहा था। खामोश हो जाने पर इन सब का अनुभव होने लगा।

6. सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| समुद्र तट के प्रति | सुंदर समुद्र–तट है। |
| गोआ में अनेक | गज़ल सुनायी। |
| मल्लाह ने नाव में बैठकर | लेखक और मित्र लीन हो गये। |
| बूढे मल्लाह के गायन में | मोहन राकेश का विशेष आकर्षण था। |

उत्तर

| | |
|---|---|
| समुद्र तट के प्रति | मोहन राकेश का विशेष आकर्षण था । |
| गोआ में अनेक | सुंदर समुद्र–तट है । |
| मल्लाह ने नाव में बैठकर | गज़ल सुनायी । |
| बूढे मल्लाह के गायन में | लेखक और मित्र लीन हो गये । |

**सूचना –' दिशाहीन दिशा ' का यह अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर उसकी तरफ़ बढ़ा दिया । कहा, "लो, तुम यह पहन लो । अभी हम लौटकर नहीं चलेंगे । तुम्हें कोई गालिब की चीज़ याद हो,तो सुनाओ ।" |

1. किसने कोट उतारकर मल्लाह को दिया ?

   ( मोहन राकेश , अविनाश , लेखक , बूढ़ा )

   उत्तर – अविनाश

2. बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार के साथ लेखक और मित्र अविनाश ने अविस्मरणीय यात्रा की। इसके बारे में लेखक अपनी डायरी में कुछ लिखा । वह **डायरी** तैयार करें ।

21–12–1952

बुधवार

आज मेरे लिए एक अविस्मरणीय दिन था । बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार के साथ की गयी वह यात्रा कभी भूल न सकता । मैं और अविनाश उनके गायन में विलीन हो गये । रात, सर्दी , नाव का हिलना ये सब महसूस भी नहीं हुआ था । झील का विस्तार भी हम भूल गए थे । तेज़ सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद पहने आया था । सर्दी और बढ़ जाने पर उसने लौटने की आशा प्रकट की, क्योंकि वह अपनी चादर साथ नहीं लाया था । अविनाश ने अपनी कोट उतारकर उसको दिया और गालिब की चीज़ सुनाने को कहा । एतराज के बिना कोट पहनकर वह गालिब की गज़ल सुनाने लगा । वह अविस्मरणीय रात मेरे जीवन के अंत तक मेरे मन में रहेगा ।

...............................

# बच्चे काम पर जा रहे हैं

**कविता – राजेश जोशी**

## कविता का सारांश

हिंदी के आधुनिक कवियों में प्रमुख श्री राजेश जोशी की एक छोटी कविता है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' । कवि ने इस कविता में बचपन से वंचित होकर ,जीने के लिए काम करने वाले बच्चों की ओर इशारा किया है । बालश्रम पर तीखा प्रहार करनेवाली कविता है यह । कवि ने मनोवैज्ञानिक ढंग से इसका प्रस्तुतीकरण किया है ।

कवि कहते है – बच्चे सुबह सुबह कोहरे से ढँकी सड़क पर काम करने केलिए जाते हैं । यह एक भयानक समस्या है । इसे एक विवरण की तरह नहीं लिखना चाहिए बल्कि सवाल की तरह पूछना चाहिए । कवि व्यंग्य रूप से पूछते है – क्या बच्चों की गेंदें अंतरिक्ष में गिर गयी हैं ? क्या उनकी पुस्तकों को दीमकों ने खा लिया है ? क्या उनके खिलौने काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं ? क्या विद्यालयों की इमारतें भूकंप में ढह गई है ? क्या सारे मैदान , बगीचे ,घरों के आँगन सब खतम हो गए हैं ? बच्चे काम पर क्यों जाते हैं ? इस समस्या को एक साधारण बात के रूप में नहीं देखना है ।

हम सब जानते हैं बच्चे भविष्य की निधि है, इनका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है । कवि ने सरल भाषा में इस भयानक समस्या का प्रस्तुतीकरण किया है । इस समस्या को हम कैसे रोक सकते हैं ,यह प्रशन हमारे सामने रखनेवाली यह कविता आज भी प्रासंगिक है ।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. "बच्चे काम पर जा रहे हैं " – कविता का रचयिता कौन है ?
   ( नागार्जुन , राजेश जोशी , धर्मवीर भारती )
   उत्तर –राजेश जोशी
2. कवि ने इस कविता के द्वारा किस समस्या की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहता है ?
   उत्तर–कवि ने बालश्रम या बालमज़ूरी की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना

चाहता है ।

3. " भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना " कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?

उत्तर–बालश्रम एक भयानक समस्या है । लेकिन हमारा समाज इस समस्या को देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं, मानो उनकेलिए बच्चों का काम पर जाना एक मामूली बात है।

4. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' – कविता किस सामाजिक समस्या की चर्चा कर रही है ?

उत्तर –बालश्रम

5. " क्या काले पहाड़ के नीचे दब गये हैं सारे खिलौने " इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

उत्तर – बच्चों के खेलने का समय है बचपन । लेकिन बच्चे बड़े सबेरे उठकर कोहरे से ढँकी सड़क पर से काम के लिए जा रहे हैं । यह देखकर कवि आशंका प्रकट करते हैं कि क्या बच्चों के सारे खिलौने नष्ट हो गए हैं ।

6. " क्या दीमकों ने खा लिया है सारी रंग–बिरंगी किताबों को " – इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

उत्तर– बचपन पढने – लिखने का समय है । लेकिन बच्चे किताबों को छोड़कर काम पर जा रहे हैं । शिक्षा से वंचित बच्चों को देखकर कवि के मन में ऐसी आशंका आती हैं ।

7. "क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदें" –इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

उत्तर – बचपन नष्ट करके बच्चे काम पर जाते हैं । पढने, लिखने, और खेलने से वंचित बच्चों को देखकर कवि इस प्रकार चिंतित है ।

8. बचपन से वंचित कई बच्चे हैं । उनकी मदद करना हमारी भी ज़िम्मेदारी है । बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें ।



9. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर सही मिलान करें ।

| |
|---|
| क्या काले पहाड़ के नीचे दब गये हैं सारे खिलौने । |
| क्या दीमकों ने खा लिया है सारी रंग–बिरंगी किताबों को |
| क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं सारे मदरसों की इमारतें । |

| | |
|---|---|
| बच्चों के खिलौने काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं । | .............................. |
| बच्चों की पुस्तकों को दीमकों ने खा लिया है । | .............................. |
| सारे विद्यालय भूकंप में ढह गए हैं । | .............................. |

उत्तर

| | |
|---|---|
| बच्चों के खिलौने काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं । | क्या काले पहाड़ के नीचे दब गये हैं सारे खिलौने । |
| बच्चों की पुस्तकों को दीमकों ने खा लिया है । | क्या दीमकों ने खा लिया है सारी रंग–बिरंगी किताबों को |
| सारे विद्यालय भूकंप में ढह गए हैं । | क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं सारे मदरसों की इमारतें । |

**परीक्षा के प्रशन (नमूने)**

**सूचना –' बच्चे काम पर जा रहे हैं ' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| सुबह–सुबह<br>बच्चे काम पर जा रहे हैं<br>हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह |

1. विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।
   ( गेंद , खिलौना , काला , दीमक )
   उत्तर – काला

2. " भयानक पंक्ति " इसमें विशेषण शब्द कौन–सा है ?

उत्तर – भयानक

3. " बच्चे काम पर जा रहे हैं "कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

* बच्चे स्कूल के बाद काम पर जा रहे हैं ।
* बच्चे सुबह–सुबह स्कूल जा रहे हैं ।
* बच्चे काम के बाद स्कूल जा रहे हैं ।
* बच्चे सुबह–सुबह काम पर जा रहे हैं ।

उत्तर – बच्चे सुबह–सुबह काम पर जा रहे हैं ।

4. " बच्चे" के स्थान पर " बच्चा" का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

बच्चे काम पर जा रहे हैं । ............................................ ।

उत्तर – बच्चा काम पर जा रहा है ।

5. जून 12 विश्व बालश्रम विरोधी दिवस है । इस अवसर पर कैरली बालसभा, एरणाकुलम के नेतृत्व में "बालश्रम समाज का अभिशाप है" विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है । इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

# संगोष्ठी

## विश्व बालश्रम विरोधी दिवस

## जून 12

कैरली बालसभा

एरणाकुलम

सुबह 10 बजे को

**विषय : बालश्रम समाज का अभिशाप है**

सबका स्वागत

कैरली बालसभा, एरणाकुलम

**......................**

# गुठली तो पराई है

**कहानी– कनक शशि**

**पाठभाग का सारांश**

श्रीमती कनक शशि आधुनिक रचनाकारों में प्रमुख हैं। उनकी एक छोटी कहानी है गुठली तो पराई है । यह कहानी सामाजिक असमानता के खिलाफ़ एक लड़की की आवाज़ है । गुठली नामक लड़की से उसकी बुआ कहती है कि वह पराये घर की अमानत है । उसका अपना घर ससुराल है । लेकिन गुठली इसका एतराज करती है । माँ भी बुआ का साथ देने पर गुठली गुस्से के साथ उदास भी हो जाती है । उसकी दीदी की शादी का कार्ड छपके आते हैं । कार्ड पर उसका नाम नहीं था । कारण पूछने पर ताऊजी ने कहा कि घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपवाते । लेकिन गुठली चुप रहनेवालों में नहीं थी । उसने सोच विचार करके एक निश्चय किया । घर के काम करने केलिए वह तैयार नहीं हुई। वह घर के दूसरों से कहती है – मैं पराई हूँ यानी मेहमान । मुझसे काम करवाना अच्छी बात नहीं हैं । ऐसा कहकर वह स्कूल जाती है ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

1. 'गुठली तो पराई है' – किसकी रचना है ?

   उत्तर – कनक शशि की ।

2. कहानी में किसकी ओर संकेत है ?

   उत्तर – स्त्री – पुरुष असमानता ।

3. माँ की बातों से गुठली और भी हताश हो गई । हताश होने के पीछे क्या कारण है ?

   उत्तर – बुआ ने गुठली को पराए घर की अमानत बतायी । माँ ने भी बुआ का साथ देते हुए बात की । इसलिए वह बहुत हताश हो गई ।

4. गुठली बुआ से बातें करना पसंद नहीं करती । क्यों ?

   उत्तर – बुआ सदा नसीहतें देती रहती है । हर बात को मनाती रहती है । इसलिए उससे बात करना गुठली पसंद नहीं करती है ।

5. 'गुठली तो पराई है' –किस प्रकार की रचना है ?

   *कविता *कहानी *संस्मरण *यात्रा विवरण

   उत्तर – कहानी

6. बुआ की राय में लडकियों के लिए –

* पिता का घर ही अपना घर है ।
* पति का घर ही अपना घर है ।
* भाई का घर ही अपना घर है ।
* बहन का घर ही अपना घर है ।

उत्तर –पति का घर ही अपना घर है ।

7. सही वाक्य चुनकर लिखें

* गुठली भैया से कहता है ।
* गुठली भैया से कहती हूँ ।
* गुठली भैया से कहती है ।
* गुठली भैया से कहते हैं ।

उत्तर – गुठली भैया से कहती है ।

8. सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| गुठली को | नहीं छपवाया था । |
| गुठली का नाम कार्ड पर | सोचती रही । |
| गुठली देर रात तक | बडी बुआ की बातें अच्छी नहीं लगती । |

उत्तर

| | |
|---|---|
| गुठली को | बडी बुआ की बातें अच्छी नहीं लगती । |
| गुठली का नाम कार्ड पर | नहीं छपवाया था । |
| गुठली देर रात तक | सोचती रही । |

9.

| | |
|---|---|
| मुँह उतर जाना | जल्दी से |
| तपाक से | खुशी से जीना |
| मस्ती करना | उदास हो जाना |
| जी भर के जीना | मज़ा लेना |

उत्तर

| | |
|---|---|
| मुँह उतर जाना | उदास हो जाना |
| तपाक से | जल्दी से |
| मस्ती करना | मज़ा लेना |
| जी भर के जीना | खुशी से जीना |

10. गुठली की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी तैयार करें ।

गुठली चौदह साल की एक लड़की है । कनक शशि की 'गुठली तो पराई है' नामक कहानी की मुख्य पात्र है गुठली । संयुक्त परिवार होने के कारण उसके घर में बहुत अधिक सदस्य हैं । घर में भाई को जो स्वतंत्रता मिलती है , वही स्वतंत्रता उसको नहीं मिलती है । लड़की होने के कारण घर के अंदर भी उसको स्वत्तंत्र रूप से चलने और बातें करने का अधिकार नहीं है । घरवालों के अनुसार वह पराए घर की अमानत है । दीदी की शादी के कार्ड पर उसका नाम नहीं होने के कारण वह इसके खिलाफ़ आवाज़ उठाती है । घर में हो रहे लडका –लडकी भेद भाव पर वह घरवालों को सबक सिखाने का निश्चय करती है । गुठली सामाजिक असमानता की ओर आवाज़ उठानेवाली आज की लड़कियों की प्रधिनिधि है।

11.

| |
|---|
| "अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है । बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है । ससुराल ही तेरा असली घर होगा । |

**इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।**

स्थान : घर
समय : शाम के पाँच बजे
पात्र : बुआ , गुठली

[ गुठली चौदह साल की लडकी ,उसकी बुआ और माँ  बातें कर रही हैं । गुठली चुड़ीदार पहनी है । बुआ पचास साल की औरत साड़ी पहनी है ।  गुठली अपने घर में किसी कार्य करती है तो उसकी बुआ हमेशा की तरह नसीहतें देना शुरु करता है । ]

बुआ : गुठली , तू क्या कर रही हो ?

गुठली : कुछ नहीं बुआ ।

बुआ : बेटी, तू ऐसा मत कर । पट–पट मत बोल । धम धम मत चल ।

गुठली : बुआ, आप हमेशा मुझसे ऐसा क्यों कहती है ?

बुआ : तू लडकी है न ?

गुठली : लडकी होने से क्या दोष है ?

बुआ : अरे , लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे । अपने घर जाकर ऐसा मत करना ।

गुठली : अपना घर ! यही मेरा घर है ।

बुआ : बेवकूफ, ससुराल ही तेरा असली घर होगा ।

गुठली : मैं यह नहीं मानती ।

12. दीदी की शादी के कार्ड पर अपना नाम न होने से गुठली बहुत निराश है । इसके बारे में वह अपनी डायरी में कुछ लिखती है । वह **डायरी** तैयार करें ।

12–05–1999

मंगलवार

आज का दिन मैं कैसे भूल सकती हूँ ? हम सब बड़ी खुशी में थी। शादी की तैयारियाँ हो रही थीं, इसके बीच शादी के कार्ड़ छपके आये । कितनी उत्सुकता के साथ मैं कार्ड़ खोला , दुख सह नहीं पाई । कार्ड में मेरा नाम नहीं था । भैया के छोटे बच्चे का नाम भी छपा था उसमें । बड़े दुख के साथ ताऊजी से शिकायत करने पर उन्होने कहा कि घर की छोरियों के नाम कार्ड़ पर नहीं छपते । बहुत अधिक रोया मैं ने आज । माँ ने अपने हाथ से कार्ड़ में मेरा नाम लिख दिया । यह समाज ऐसा क्यें ? लड़की के साथ ऐसा भेदभाव क्यों ? ज़रूर आवाज़ उठानी चाहिए इसके खिलाफ ।

13. घर का अनुभव बताते हुए गुठली ने अपनी सहेली के नाम पर पत्र लिखा । वह पत्र लिखें ।

वयनाड़
20–05–1999

प्रिय मित्र,

तुम कैसे हो ? मैं यहाँ ठीक हूँ । एक खास बात बताने केलिए मैं यह पत्र लिखती हूँ । मेरी बुआ हमेशा उपदेश देती रहती है । कहती है कि लड़की पराए घर की अमानत है । ससुराल ही लड़कियों का अपना घर है । दीदी की शादी के कार्ड़ छपके आई तो उसमें भी मेरा नाम नहीं है । ताऊजी का कहना है कि घर की लड़कियों का नाम कार्ड़ पर नहीं छपते । लड़की होना क्या पाप है ? ये लोग क्यों ऐसा कहते हैं ? इसके विरुद्ध आवाज़ उठानी चाहिए । जवाब की प्रतीक्षा करते हुए........

आपका मित्र
गुठली
हस्ताक्षर

| |
|---|
| सेवा में |
| नाम |
| पता |

**<u>परीक्षा के प्रश्न ( नमूने )</u>**

**सूचना –' गुठली तो पराई है ' का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| यूँ तो बड़ी बुआ गुठली को अच्छी लगती हैं पर उनसे बात करना उसे कुछ खास पसंद नहीं । वैसे बातें अगर खाने की या उनके बचपन की या उनके बचपन की हों तो ठीक है , नसीहतें ...उफ़ । |

1. गुठली बुआ से बात करना पसंद नहीं करता है । क्यों
   उत्तर – बुआ सदा नसीहतें देती रहती है । हर बात मनाती रहती है । इसलिए गुठली बुआ से बात करना पसंद नहीं करता है ।
2. लडकियाँ अपने घर में भी स्वतंत्र नहीं है । "लड़कियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का नियंत्रण “ विषय पर सूचकों की सहायता से टिप्पणी लिखें ।

* घर में भी पराई
* घर की बातों से अलग
* शिक्षा पर नियंत्रण

उत्तर –

समाज में लड़के–लड़कियों का समान अधिकार है । लड़कियों से पक्षपातपूर्ण व्यवहार करना कानूनी अपराध है । अपने घर में भी लड़कियों को समान अधिकार नहीं है । अपने घर में भी घरवाले उनको पराया मानते हैं । अन्य राज्यों की तुलना में केरल में यह भेदभाव कम है । लड़कियों को अपने घर की बातों से भी अलग रहना पड़ता है । पुराने ज़माने में लड़कियों को पढ़ने का अवसर भी नहीं मिलता था । हमारा समाज ऐसा नहीं होना चाहिए कि लड़कियों से भेद–भाव नहीं रखना चाहिए । उनको भी समाज में हर क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए ।

3. मार्च 8 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल में 'स्त्री–पुरुष की समानता देश की प्रगति का आधार' विषय पर एक संगोष्ठी होनेवाली है । उसके लिए पोस्टर तैयार करें ।

**सरकारी हयर सेकेंड़री स्कूल**
**नई दिल्ली**
**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**
**मार्च 8**

# संगोष्ठी

**विषय : स्त्री–पुरुष कीसमानता देश की प्रगति का आधार**

**सुबह 10 बजे**
**स्कूल सभागृह**
सबका स्वागत
**हिंदी सरकारी हयर सेकेंड़री स्कूल नई दिल्ली**

**सूचना : गुठली तो पराई है कहानी का यह अंश पढे और 1 से 4 तक के प्रशनों का उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| वह ताऊजी के पास जाकर बोली , "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ? "<br>ताऊजी बोले , "भूला नहीं है रे...अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते ।" |

1. " ताऊजी " के स्थान पर " गुठली" का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।
   ताऊजी बोले । गुठली..............................।
   उत्तर – गुठली बोली ।
2. अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते । कार्ड में किसका नाम नहीं है ?
   उत्तर – गुठली का ।
3. गुठली रोने लगी । क्यों ?
   * कार्ड पर बुआ का नाम नहीं था ।
   * कार्ड पर माँ का नाम नहीं था ।
   * कार्ड पर गुठली का नाम नहीं था ।
   * कार्ड पर भाई का नाम नहीं था ।

   उत्तर – कार्ड पर गुठली का नाम नहीं था ।

4. माँ ने गुठली से अपना प्यार कैसे प्रकट किया ?
   उत्तर – दीदी की शादी के कार्ड पर गुठली का नाम नहीं था । माँ ने अपने हाथ से गुठली का नाम कार्ड पर लिख दिया ।
5. कार्ड पर गुठली का नाम नहीं था । क्यों ?
   * केवल परिवार के बड़ों का नाम कार्ड पर छपते थे ।
   * कार्ड पर गुठली का नाम छपने को जगह नहीं थी ।
   * घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते थे ।
   * अपना नाम छपना गुठली को पसंद नहीं था ।

   उत्तर – घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते थे

**.....................................**